राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 92, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 18 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

पैरा एशियन गेम्स में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे गाजियाबाद के दो प्रशिक्षक .... पेज 03

महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता करेंगे निजी एजेंसियों के सुरक्षा कर्मी .... पेज 05

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 पेरिस आलंपिक क्वालीफायर में मददगार होगी .... पेज 07

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### कानून समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह के अधिकार को मान्यता नहीं देता है, इस पर कानून बनाना संसद पर निर्भर है

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांचं सदस्यीय संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग तीन-दो के बहुत से खारिज कर दी जबकि हिंसा, जबरदस्ती या हस्तक्षेप के किसी भी खतरे के बिना सहवास के उनके अधिकार को बरकरार रखा।

संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि कानून समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह के अधिकार को मान्यता नहीं देता है। इस पर कानून बनाना संसद पर निर्भर है।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने विवाह के अधिकार को पढ़ा और ऐसे समान लिंग वाले जोड़ों को परिणामी लाभ देने के अपने अधिकार को बरकरार रखा।

दूसरी ओर न्यायमूर्ति भट, न्यायमूर्ति कोहली और न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने समान लिंग वाले जोड़ों की शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया।

संविधान पीठ के सदस्यों ने हालांकि एकमत से केंद्र सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड में लिया कि वह समलैंगिक



जोड़ों को दिए जाने वाले अधिकारों और लाभों को सुव्यवस्थित करने के लिए एक समिति का गठन करेगी।

बच्चा गोद लेने के मामले में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने समलैंगिक जोड़ों को अधिकार दिया, लेकिन अन्य तीन न्यायाधीशों इस दृष्टिकोण से असहमति जताई और समलैंगिक तथा अविवाहित जोड़ों को गोद लेने से बाहर रखने वाले सीएआरए नियमों की वैधता को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट, न्यायमूर्ति हेमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 11 मई 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि समलैंगिक विवाह को मान्यता न देना समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा के अधिकारों का उल्लंघन है।

याचिका में यह भी कहा गया कि शीर्ष अदालत को इस समुदाय की सामाजिक सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी लाभों तक पहुंच के लिए उचित निर्देश भी पारित करने चाहिए।

केंद्र सरकार ने याचिकाकर्ताओं का पुरजोर विरोध किया था। सरकार ने दलील देते हुए कहा था कि याचिकाकर्ताओं की मांग को अनुमति देने से व्यक्तिगत कानूनों के मामले में बेहद खराब स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।

## मणिपुर में जो हुआ, वह भाजपा की आइडियोलॉजी

आइजॉल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मिजोरम दौरे का मंगलवार 17 अक्टूबर को दूसरा दिन था। यहां उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले मैं भारत जोड़ो यात्रा से कन्याकुमारी से कश्मीर तक चला। इसका आइडिया भाजपा और RSS की ओर से देश में फैलाई गई विचारधारा से लड़ना था।

अगर हम देश में ध्यान से देखें तो भाजपा की आइडियोलॉजी साफ नजर आएगी। मणिपुर में जो हो रहा है, उससे पता चलता है कि बीजेपी की आइडियोलॉजी क्या कर सकती है। वहां सैकड़ों लोग मार दिए गए, महिलाओं से छेड़छाड़ हुई, उनका रेप हुआ। बच्चों को मार दिया गया, लोगों के घर जलाए जा रहे हैं। इसके बाद भी पीएम ने मणिपुर का दौरा नहीं किया।

ऐसा लगता है कि पीएम के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है। इसलिए वे मणिपुर को महत्व नहीं दे रहे हैं।

राहुल ने मिजोरम के लुंगलेई में जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। वे दो दिन (16-17 अक्टूबर) के मिजोरम दौरे पर हैं।

## तमिलनाडु : 2 पटाखा फैक्ट्रियों में धमाका; 14 लोगों की मौत

### दो गांवों में हादसा, सीएम का मृतकों के परिवारों 3-3 लाख मदद का ऐलान

**विरुधुनगर।** दिवाली से पहले तमिलनाडु में 2 पटाखा फैक्ट्रियों में मंगलवार को जोरदार धमाका हुआ। इन घटनाओं की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई और 2 घायल हैं। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि विरुधुनगर जिले के रंगपालयम और किचनायकनपट्टी गांव में ये हादसे हुए।

पुलिस, अग्निशमन विभाग के कर्मियों और जनता ने आग बुझाने और पीड़ितों को बचाने के लिए मिलकर प्रयास किए। ऑफिसर बताया, रंगपालयम में आतिशबाजी यूनिट में अचानक हुए विस्फोट से 7 जले हुए शव बरामद किए गए हैं। अभी तक इनकी पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस अधिकारी ने आगे कहा, यूनिट से बचाए गए तीन लोगों की चोटों के कारण मौत हो गई। इलाज के दौरान इन्हें बचाया नहीं जा सकता। हमें संदेह है कि मृतक श्रमिक हो सकते हैं। वहीं, किचनायकनपट्टी गांव में आतिशबाजी यूनिट में ऐसी ही एक और घटना हुई।



#### मृतक के परिवार के लिए 3 लाख रुपये की सहायता

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इन दुर्घटनाओं में जानमाल के नुकसान पर शोक जताया है। साथ ही उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए 3 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की। गौरतलब है कि कर्नाटक के बेंगलुरु शहरी जिले के सीमावर्ती अट्टीबेले कस्बे में पटाखा गोदाम और दुकान में बीते दिनों भीषण आग लग गई थी। इस घटना में गंभीर रूप से झुलसे एक युवक की मौत होने से दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। मृतक की पहचान वेंकटेश के रूप में की गई है, जो बेंगलुरु शहर का रहने वाला था। पिछले शनिवार को आग लगने की घटना के समय पटाखे खरीदने गया था।

इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान वेम्बू के रूप में हुई है। वह 35 साल का था। हासदे की चपेट में 2 महिला श्रमिक भी आई हैं जिन्हें इलाज के लिए श्रीविल्लीपुत्तूर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इनकी हालत ठीक बताई जा रही है।


## चन्द्रमा पर 2040 तक मानव भेजने की तैयारी करने के मोदी ने दिये निर्देश

### भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें आने वाले समय में अंतरिक्ष में खोज के भारत के प्रयासों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गयी।

प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा। भारत इस समय मंगल और शुक्र ग्रहों के अध्ययन के अभियान में भी लगा हुआ है।

आज की समीक्षा बैठक में अंतरिक्ष विभाग ने प्रधानमंत्री के समक्ष गगनयान मिशन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। विभाग ने इस दिशा में अब तक विभिन्न नयी प्रौद्योगिकियों के विकास में हुयी प्रगति की जानकारी दी। मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाले में प्रयोग किए जा सकने वाले प्रक्षेपण वाहनों की प्रौद्योगिकी और उपयुक्त प्रणालियों के विकास में प्रगति शामिल है। बैठक में बताया गया कि अंतरिक्ष में मानव भेजने के तैयारियों के सिलसिले में बड़े परीक्षण किए जाएंगे, जिनमें तीन परीक्षण मनुष्यों की अंतरिक्ष यात्रा के लिए उपयुक्त प्रक्षेपणयान के प्रक्षेपण की योजना है। एचएलवीएम3 के तीन अभियान मानवरहित होंगे। विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरिक्ष अभियान के क्षेत्र में भारत की अब तक की



सफलताओं की नींव पर अब देश को नये महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, उन्होंने इसी सन्दर्भ में 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चाँद पर भारत का पहला मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रखा।

**चुनावी यात्रा**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मिजोरम की अपनी यात्रा के दौरान आइजोल में दोपहिया वाहन पर सवार हुए।

## मेरठ की साबुन फैक्ट्री में धमाके, 5 लोगो की मौत, कई घायल

### मलबे में 10 दबे, 4 मकान क्षतिग्रस्त; आसपास अवैध आतिशबाजी का कारोबार

मेरठ। मेरठ में मंगलवार सुबह साबुन फैक्ट्री में बम धमाके जैसे 2 विस्फोट हुए। ये धमाके 30 मिनट के अंदर हुए। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। 10 मजदूर मलबे में दब गए। कई की हालत गंभीर है। ब्लास्ट इतना तेज था कि दो मंजिला फैक्ट्री ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गई। आसपास के 4 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। मौके से आतिशबाजी और उसे बनाने का सामान मिला है। मालिक फरार है। डीएम, एसएसपी समेत सीनियर अफसर मौके पर जांच कर रहे हैं। एटीएस भी मौके पर पहुंची है।

शहर के लोहिया नगर में बिल्डिंग में साबुन फैक्ट्री है। मंगलवार सुबह यहां 14 मजदूर काम कर रहे थे। विस्फोट की सूचना पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीम और आस-पास के लोगों ने मलबे में दबे लोगों को निकालना शुरू किया। विस्फोट इतना भयावह था कि कई मजदूर कई मीटर दूर जाकर गिरे। उनका पूरा शरीर जल गया था। झुलसी हुई लाशें भी इधर-उधर बिखरी थीं।

साबुन फैक्ट्री में बड़ी संख्या में आतिशबाजी, प्लास्टिक शेल्स मिले हैं। आशंका है कि आतिशबाजी के चलते ही पूरा विस्फोट हुआ है। SSP दीपक मीणा ने बताया कि 10 लोग घायल हैं। NDRF की टीमें मौके पर रेस्क्यू कर रहीं है। फैक्ट्री अवैध थी या





सही। विस्फोट क्यों हुआ? इनकी जांच की जा रही है। सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान लिया है। जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए SP सिटी के निर्देशन में 6 सदस्यीय जांच टीम बनाई गई है।

#### 25 फीट दूरी तक बिखरा मलबा

मलबा हटाने का काम चल रहा था। तभी अचानक दोबारा से विस्फोट हो गया। इसके बाद बिल्डिंग का मलबा 25 फीट दूरी तक बिखर गया। मौके पर मौजूद कई लोगों के सिर पर ईंट के टुकड़े लगे। उसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से भीड़ को करीब 50 मीटर दूर किया। दूसरे धमाके में जेसीबी चालक धर्मेंद्र और एक अन्य राहगीर घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

बिल्डिंग का मलबा इतना था कि हटाने के लिए बड़ी पॉपलेन मशीन को मंगाना पड़ा। हादसे के 8 घंटे बाद भी यहां 4 जेसीबी मशीनों से मलबा हटाया जा रहा है।

#### फैक्ट्री के लिए किराए पर ली इमारत

जिस बिल्डिंग में हादसा हुआ। वह शास्त्री नगर के अशोक गुप्ता की है। उन्होंने किराये पर शास्त्री नगर के ही गौरव त्यागी को दी थी। गौरव त्यागी नीचे ग्राउंड फ्लोर पर साबुन फैक्ट्री चलाते थे। प्रथम तल पर दिवाली वाली चाइनीज बंदूक के कारतूस बड़ी संख्या में जमा थे। अधिकारियों का मानना है कि कास्टिक सोडे में गैस बनने के बाद धमाका हुआ और उसके बाद पैकेजिंग मशीन का कंप्रेशर फटा है, जो मौके पर ही फटा हुआ मिला है। गौरव त्यागी के घर पर दबिश दी है, लेकिन वह फरार हो चुका है।

मरने वालों में चारों कर्मचारी हैं, वो कहां के थे इसकी जानकारी अभी नहीं हुई है। उनके कोई परिजन अभी तक सामने नहीं आए हैं। जिनकी पहचान प्रशासन करा रहा है। वहीं सभी घायलों का इलाज मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। वहीं प्रशासन ने एक लिस्ट जारी की।

## एनएचआरसी ने केंद्र और राज्य को जारी किया नोटिस

### मणिपुर में शांति बहाली के लिए उठाए गए कदमों पर मांगा जवाब

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने केंद्र सरकार मणिपुर सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी कर अशांत राज्य में शांति बहाली के लिए उठाए जा रहे कदमों को स्पष्ट रूप से बताने के लिए रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

#### एनएचआरसी ने चार सप्ताह का दिया समय

इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। हिंसा की घटनाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में एनएचआरसी को अपने पिछले नोटिस के जवाब में मणिपुर सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्राप्त हो चुकी है।





#### मणिपुर में उठाए गए विभिन्न कदम

एनएचआरसी ने मंगलवार को कहा कि राज्य में हिंसा से जुड़ी घटनाओं के संबंध में कानून व्यवस्था को मजबूत करने, राहत शिविर व शांति कमेटी बनाने, कर्फ्यू में ढील देने, सीमित मात्रा में इंटरनेट व बैंकिंग सेवाओं को बहाल करने मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि, घायलों के लिए मुआवजा पैकेज और क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण संबंधी आदि कदम उठाए गए हैं।

#### केंद्र ने जांच आयोग का किया गठन

यह भी बताया गया कि केंद्र ने संघर्ष के कारणों की तह तक पहुंचने के लिए जांच आयोग का गठन किया है और छह एफआईआर को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया है। आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव, मणिपुर सरकार के मुख्य सचिव व डीजीपी से विभिन्न मामलों में एटीआर तलब की है।

#### मणिपुर में अब तक 180 की मौत, 1100 घायल

मणिपुर में पिछले 4 महीने से चल रही जातीय हिंसा में अब तक 180 लोग मारे गए हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

इतना ही नहीं 5172 आगजनी के केस सामने आए, जिनमें 4786 घरों और 386 धार्मिक स्थलों को जलाने और तोड़फोड़ करने की घटनाएं शामिल हैं।

## हिमाचल में गहरी खाई में गिरी कार, तीन युवकों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बिलिंग घाटी में राजगुंधा के समीप एक ऑटो कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक बीड़ के रहने वाले थे। हादसा सोमवार देर रात 1200 बजे के करीब हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो टैक्सी चालक और एक पैराग्लाइडर पायलट शामिल है। बताया जा रहा है कि तीनों कार में सवार होकर राजगुंधा में पार्टी से लौट रहे थे। इसी दौरान कार गहरी खाई में गिर गई। तीनों की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। रात को गहरी खाई में गिरी कार का मंगलवार सुबह ही पता चल पाया।

## आतंकवाद, कट्टरवाद रोकने के लिए सहयोग बढ़ाएंगे भारत-मध्य एशियाई देश

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारत एवं मध्य एशियाई देशों - कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान ने आतंकवाद और तस्करी को रोकने के लिए आपसी समन्वय बढ़ाने के इरादे का इज़हार किया और परस्पर व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) और अशगाबात समझौते को शीघ्र अमल में लाने पर सहमति जतायी।

सूत्रों ने यहां जानकारी दी कि कज़ाखस्तान की राजधानी अस्ताना में भारत-मध्य एशिया सुरक्षा परिषदों के सचिवों/राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की



आज हुई दूसरी बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक में भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भाग लिया। सुरक्षा परिषदों के सचिवों/राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की पहली भारत-मध्य एशिया बैठक 06 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।

उल्लेखनीय है कि ये बैठकें क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा के लिए सुरक्षा परिषद के सचिवों की नियमित बैठकें आयोजित करने को लेकर 27 जनवरी 2022 को हुए पहले भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन में समझौते के अनुरूप आयोजित की जाती हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस तंत्र की दूसरी बैठक की मेजबानी कज़ाखस्तान ने की थी।

बैठक में भारत गणराज्य, कज़ाखस्तान गणराज्य, किर्गिज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान गणराज्य और उज़्बेकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों / सचिवों ने भाग लिया। तुर्कमेनिस्तान का प्रतिनिधित्व अस्ताना में उनके दूतावास द्वारा किया गया था।

**हत्या**

### अमेरिका में बैठे पति ने शूटरों को सुपारी दे पत्नी-सास को मरवाया

## गोलियां मारकर मां-बेटी की हत्या : पेट्रोल से शव जलाए

जालंधर। पंजाब के जालंधर में दो बाइक सवार युवकों ने मां-बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद पेट्रोल छिड़ककर शव जला दिए। यह वारदात अमेरिका में रह रहे दामाद ने करवाई है। डीएसपी कुंवर विजय प्रताप ने इसकी पुष्टि की है।

मृतकों की पहचान अमर नगर की रहने वाली रंजीत कौर (मां) और प्रीति (बेटी) के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रीति के पति जस्सा, रंधावा मसंदा के रहने वाले शूटर जस्सा और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी जस्सा पत्नी प्रीति के चरित्र पर शक करता था। इसलिए उसने प्रीति



को मरवाने के लिए शूटरों को सुपारी दी।

#### घर में घुसकर मारी गोलियां

घटना अमर नगर में मंगलवार को हुई। यहां सुबह 2 युवक घर में घुसे और मां और उसकी बेटी को गोलियां मार दीं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने दोनों शवों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसकी सूचना मिलते ही जालंधर देहात के एसएसपी एसएसपी मुखविंदर सिंह भुल्लर और सीआईए की टीमें जांच के लिए मौके पर पहुंची।

प्रीति के पिता जगतार ने बताया कि उनकी बेटी की शादी करीब 4 साल पहले हुई थी। शादी के बाद से प्रीति और उसके पति के बीच विवाद चल रहा था। दोनों अलग-अलग ही रह रहे थे। उनका एक बच्चा भी है।

#### सीसीटीवी में कैद हुए दो बाइक सवार

मां-बेटी की हत्या करने वाले दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। जिसमें दोनों स्प्लेंडर बाइक पर जाते दिख रहे हैं। पुलिस ने एरिया के सीसीटीवी कब्जे में लिए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान हो गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों में एक पगड़ीधारी युवक था।

#### डीसीपी बोले- हत्यारे जल्द गिरफ्तार होंगे

डीसीपी कुंवर विजय प्रताप ने बताया कि हत्या का आरोप परिवार ने दामाद पर लगाया था। पुलिस ने प्राथमिक जांच उसी एंगल पर शुरू की थी।

जिसमें दामाद की ही भूमिका संदिग्ध पाई गई। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपी वारदात के बाद गांव से निकलकर पतारा पहुंचे और वहां से हाईवे के जरिए फरार हो गए। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है मोदी सरकार : खडगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। खडगे ने ट्वीट किया राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं।



# शार्ट न्यूज़

## हेड कांस्टेबल ने 1.5 लाख से भरा बैग वापस कर दिया ईमानदारी का परिचय

टिहरी गढ़वाल/देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जनपद निवासी एक व्यक्ति के गुम हुए बैग को टिहरी गढ़वाल पुलिस के एक मुख्य आरक्षी (हेड कांस्टेबल) ने सुरक्षित वापस कर, ईमानदारी और राज्य पुलिस के सूत्र वाक्य मित्रता, सेवा व सुरक्षा को चरितार्थ कर दिया। बैग में अन्य सामान के साथ डेढ़ लाख रुपए की धनराशि भी थी। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक यात्री ललित मोहन सिंह चौधरी, निवासी ग्वाड, गौचर, थाना कर्णप्रयाग, जिला चमोली द्वारा चमोली पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि दिल्ली से अपने घर बस में वापस जाते समय उनका बैग रास्ते में कहीं गुम हो गया है। जिसकी जानकारी उन्हें गौचर, पहुंचने पर हुई है। यात्री ने बताया कि उनके साथ अन्य बैठी सवारियां रास्ते में देवप्रयाग, कीर्तिनगर, श्रीनगर आदि जगहों पर भी बस से उतरी है। इस सूचना से रास्ते के सभी यातायात पुलिस आदि को सूचित किया गया। पुलिस कंट्रोल रूम चमोली द्वारा दी गई सूचना पर ट्रैफिक ड्यूटी कीर्तिनगर, जनपद टिहरी गढ़वाल पर तैनात ट्रैफिक हेड कांस्टेबल नवीन कुमार द्वारा उपरोक्त यात्री ललित मोहन सिंह चौधरी के मोबाइल पर संपर्क कर घटना की जानकारी की गई। जिस पर यात्री द्वारा उन्हें अपने बैग में अन्य सामान के साथ 1,50,000 रुपए (डेढ़ लाख रुपए) नकद होने की बात बताई गई थी।

## समुद्री सतह का बढ़ता तापमान मछली वितरण पैटर्न को प्रभावित करता है : आईसीएआर

चेन्नई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उप महानिदेशक जे के जेना ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सतह का बढ़ता तापमान (एसएसटी) भारतीय जल क्षेत्र में मछली वितरण पैटर्न प्रभावित कर रहा है। डॉ. जेना महाबलीपुरम में जलवायु परिवर्तन को अंतरराष्ट्रीय मत्स्यपालन की मुख्यधारा में लाने पर एक वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर जलवायु अनुकूल समुद्री मत्स्यपालन में भारतीय अनुसंधान पहलों को पर चर्चा कर रहे थे उन्होंने संकेत दिया कि व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मछली प्रजातियों जैसे कि इंडियन ऑयल सार्डिन और मैकेरल आदि अब उन क्षेत्रों में पाई जाती हैं जहां वे पहले कभी दुर्लभ थीं, एक स्थानीय मत्स्यपालन का निर्माण करती हैं जो अब तक उन क्षेत्रों से अज्ञात था इसके अलावा, बढ़ता हुआ एसएसटी मछली की फेनोलॉजी को प्रभावित करता है, जैसे समय से पहले छोटे आकार में परिपक्वता आती है, प्रजनन उत्पादन कम हो जाता है और मत्स्यपालन में नवरोहण कम हो जाता है। जलवायु अनुकूल समुद्री मात्स्यिकी के लिए, भारत की अनुसंधान पहलों का उल्लेख करते हुए डॉ. जेना ने कहा कि देश में प्रजातियों के वितरण, जलवायु मॉडल और अनुमानों के विकास के लिए एक अनुसंधान परियोजना शुरू की गई है।

## इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और आईटी कॉरिडोर से जनगांव में विकास की जबरदस्त संभावना

जनगांव। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने कहा कि जनगांव में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और पारा मेडिकल कॉलेज जल्द खुलना संभव होगा। यह कोई बड़ी बात नहीं है। केसीआर ने सोमवार को यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इसके लिए राशि कुछ ही महीनों में उपलब्ध हो जायेगी। उन्होंने पार्टी पत्याशी राजेश्वर रेड्डी को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुये कहा कि वह अच्छे नेता हैं, विधायक बनने से पहले उन्होंने समस्याओं को जाना है और आप सभी से बात की है। वे सभी बातें पूरा की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यहां बोरिंग नहीं हो पाती है। लोगों को 8 किलोमीटर दूर जाकर पानी मिलता था। आज मैं बहुत खुश हूं। मैं हैदराबाद से वारंगल के रास्ते में एक या दो आर्थिक विकास केंद्र चाहता हूं। जनगांव और भुवनगिरी दोनों ग्रोथ कॉरिडोर हैं। जनगांव वह तालुक है जो सबसे अधिक धान पैदा करता है। यहां ताज़ा पानी बेचने वाली दुकानें भी थीं.. वे सभी गायब हो गई हैं और जनगांव अच्छे तरीके से विकसित हो रहा है। चूँकि यह हैदराबाद का निकटतम क्षेत्र है, जनगांव शहर से 60 किलोमीटर दूर है।

## पूर्व कांग्रेस विधायक कुलबीर सिंह जीरा गिरफ्तार, 14 दिन की न्यायिक हिरासत

चंडीगढ़। कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं पार्टी की फिरोजपुर इकाई के अध्यक्ष कुलबीर सिंह जीरा को सरकारी कार्य में बाधा डालने और रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने के आरोप में मंगलवार तड़के गिरफ्तार कर लिया गया। जीरा को पुलिस ने को उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक खंड विकास पंचायत अधिकारी की शिकायत पर 12 अक्टूबर 2023 को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जीरा के खिलाफ सरकारी अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से शारीरिक रूप से बाधित करने के लिए इस महीने की शुरुआत में उन पर मामला दर्ज किया गया था। जीरा और अन्य ने बीडीपीओ दफ्तर के समक्ष रोष प्रदर्शन किया था। मंगलवार को सुबह जीरा ने पंजाब सरकार के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस करने का एलान किया था लेकिन पुलिस ने उन्हें मंगलवार सुबह ही गिरफ्तार कर लिया। जीरा को रुपनगर की जिला जेल लाया गया है। यहां कांग्रेस नेताओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं की अगुवाई ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सरबजीत सिंह और जिला उप प्रधान चरणजीत सिंह चन्नी कर रहे थे।

## चार करोड़ की अफीम, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण सहित एक तस्कर गिरफ्तार

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगभग चार करोड़ रुपए के अफीम, अफीम मिश्रत पाउडर, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि सूचना मिलने पर सोमवार दोपहर मंडफिया थाना क्षेत्र स्थित कोशीथल गांव में भैरूलाल जाट के मकान, नोहरे एवं बाड़े में पुलिस बल के साथ दबिश देकर नी स्टील के डिब्बों में रखी 73 किलो 700 ग्राम अवैध शुद्ध अफीम एवं एक अन्य डिब्बे में 6 किलो 400 ग्राम अफीम मिश्रित पाउडर, पांच लाख आठ हजार की नगदी तथा तीन किलो 97 ग्राम चांदी, 53 ग्राम 220 मिलीग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए। दुष्यंत ने बताया कि जब्त नशे की खेप एवं अन्य माल की कीमत करीब चार करोड़ रुपए हैं और नोहरे के मालिक भैरूलाल जाट को एनडीपीएस सहित अन्य धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अफीम एवं अन्य मादक पदार्थों को ऊंचे दामों में बेचने के लिए किए जा रहे स्टॉक के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस टीम ने भैरूलाल के मकान, नोहरे एवं बाड़े पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में पहले चरण के लिए कुल 17 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पहले चरण की 20 विधानसभा सीटों के लिए आज तीसरे दिन 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इन्हें मिलाकर अभी तक कुल 17 उम्मीदवारों ने 23 नामांकन पत्र दाखिल किए है। राज्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। नामांकन दाखिल करने की गति बहुत धीमी है, जबकि पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अन्तिम तिथि तीन दिन ही शेष रह गई है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने सभी 20 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर दी थी जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस भी एक मात्र जगदलपुर सीट को छोड़कर 19 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू की याचिका का फैसला सुरक्षित रखा


### स्कील डेवलपमेंट घोटाले में हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से इनकार किया था

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टीडीपी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। 371 करोड़ रुपए के स्कील डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन घोटाले में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने नायडू के खिलाफ दर्ज स्न्ढ्ढक्र रद्द करने से इनकार कर दिया था। नायडू ने इसे चुनौती दी थी।

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

कोर्ट में चंद्रबाबू नायडू की ओर से एडवोकेट हरीश साल्वे और राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी पेश हुए।

नायडू की याचिका को खारिज



करते हुए 22 सितंबर को आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि क्रिमिनल कार्रवाई को शुरुआती जांच में नहीं रोका जाना चाहिए और स्न्ढ्ढक्र को रद्द करना, नियम के बजाय एक अपवाद होना चाहिए।

### सीआईडी ने किया था गिरफ्तार

पूर्व सीएम नायडू को 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 73 वर्षीय नायडू पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने साल 2015 में मुख्यमंत्री रहते हुए स्कील डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के फंड का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल किया था, जिससे के कारण राज्य के खजाने को 371 करोड़ का नुकसान हुआ था। फिलहाल नायडू न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राजा महेंद्रवर्धन केंद्रीय जेल में रखा गया है।

सीआईडी ने अपनी रिमांड रिपोर्ट में चंद्रबाबू नायडू पर आरोप लगाया था कि नायडू सराकरी फंड को खुद के उपयोग के लिए उसे परिवर्तित करने या धोखाधड़ी से दुरुपयोग करने, पब्लिक सर्वेन्ट्स के अधिकार की प्रॉपर्टी के निपटान, धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों को बनाने और सबूतों को नष्ट करने जैसे आपराधिक साजिशों में शामिल रहे।

## राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर जागरूकता कैंप आयोजित

सिरसा। हरियाणा के सिरसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थानीय राजकीय नेशनल महाविद्यालय में राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुराधा ने बताया कि इस कैंप में जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा आमजन की अपने विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निदान किया। इस कैंप में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, पंचायत विभाग, जिला वेलफेयर अधिकारी, म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन, जिला जन कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय व महिला व बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए। सचिव ने बताया कि कैंप में आए आमजन व विद्यार्थियों की समस्याएं सुनी व मौके पर ही निपटान किया।

# टिकट ना पाने वाले लिखित में दे प्रतिवेदन : दिग्विजय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद उपजे कथित असंतोष को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने टिकट पाने में असफल प्रत्याशियों से आग्रह किया है कि वे तथ्यों के आधार पर अपना लिखित प्रतिवेदन टिकट वितरण से जुड़े कांग्रेस पदाधिकारियों को भेजें।
सिंह ने एक्स पर अपनी सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि उन्हें 1985 में जब से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया था, वे तब से टिकट वितरण प्रक्रिया से जुड़े हैं। ये सबसे कठिन काम है। इस चुनाव में लगभग चार हजार उम्मीदवार चुनाव लड़ना चाह रहे थे, जिनमें से केवल 230 का चयन होना है।
सिंह ने कहा कि प्रत्याशियों में असंतोष होना स्वाभाविक है, क्योंकि हर उम्मीदवार यह समझता है केवल वही चुनाव जीत सकता है। जिनको उम्मीदवार नहीं बना पाए हैं उनको



संघटन में स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने टिकट वितरण की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके लिए मापदंड के तहत जिला कांग्रेस और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से नाम लिए गए। कांग्रेस समिति सचिवों ने हर विधानसभा क्षेत्र में जा कर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी ने भोपाल आ कर सभी से मिलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वे टिकट प्राप्त करने में असफल रहे उम्मीदवारों से अपील कर रहे हैं कि उन्हें जो कहना है वह तथ्यों के आधार पर कांग्रेस महासचिव, सचिव व पर्यवेक्षक को लिखित में प्रतिवेदन दें। न्याय अवश्य मिलेगा।

# नैनीताल नगर पालिका के चेयरमैन की पावर सीज, ईओ निलंबित

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को अहम निर्णय लेते हुए नैनीताल नगर पालिका के चेयरमैन सचिन नेगी की पावर (शक्तियां) सीज कर दी है और अधिशासी अधिकारी (ईओ) आलोक उनियाल को निलंबित कर दिया है।
मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में मंगलवार को दो मामलों पर सुनवाई हुई।
अदालत ने मुख्य सचिव एसएस संधु को बिना निविदा जारी किये झूला की अनुमति देने के मामले की जांच के निर्देश दिये हैं।
साथ ही दूसरे मामले की जांच के लिये उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश इरशाद हुसैन की अगुवाई में



एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है। मुख्य सचिव को 10 दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये हैं।
दरअसल नैनीताल नगर पालिका की ओर से डीएसए मैदान में एक अक्टूबर से पांच नवम्बर तक 6.75 लाख रूपये में झूला लगाने के अनुमति दे दी गयी थी।
आरोप है कि बिना निविदा जारी किये यह निर्णय लिया गया। इसे ठेकेदार कृष्ण पाल भारद्वाज की ओर से अदालत में चुनौती दी गयी।

# प्रतिबंधित पालीथीन की थैलियों पर पूर्ण रोक लगाये सरकार

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में प्रतिबंध के बावजूद प्रयोग लायी जा रही पालीथीन की थैलियों के मामले में सख्त रूख अख्तियार करते हुए प्रदेश सरकार को निर्देश दिये कि इस पर पूर्ण रोक लगायें। अदालत ने कहा कि राज्य की सीमा पर सघन जांच अभियान चलायें। इसकी जिम्मेदारी वाणिज्य कर विभाग को सौंपी गयी है।
मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की युगलपीठ ने अल्मोड़ा निवासी जितेन्द्र यादव की ओर से दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिये।
याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश में प्लास्टिक की थैलियों पर पूर्णत: प्रतिबंध है लेकिन इसके बावजूद धड़ल्ले से प्लास्टिक की थैलियां प्रचलन में हैं। दूसरे राज्यों से पालीथीन की थैलियों की आपूर्ति की



जा रही है। सरकार इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हुई है।
याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि कूड़ा वाहनों में अदालत के आदेश के बावजूद आज तक जीपीएस सिस्टम नहीं लगाये गये हैं। न ही वन पंचायतों के नक्शे वेबसाइट पर अपलोड किये गये हैं। जो भी नक्शे अपलोड किये गये हैं, वह बेहद धुंधले हैं।
यह भी कहा गया कि सरकार की ओर से प्लास्टिक कूड़ा उत्तराखंड प्लास्टिक वेस्ट एंड अदर नॉन बायो डिग्रेडेबल गारबेज एक्ट, 2013 के अनुपालन के लिये अभी तक नियमावली नहीं बनायी गयी है। साथ ही प्लास्टिक उत्पादों क्यूआर कोड लागू नहीं किया गया है।
मामले को सुनने के बाद अदालत ने सरकार को निर्देश दिये कि दूसरे राज्यों से आ रही पालीथीन की थैलियों पर पूर्ण रोक लगायें। इसके लिये राज्य की सीमाओं पर सघन जांच अभियान चलायें। वाणिज्य कर विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। यह भी कहा गया कि पुलिस और अन्य महकमों की मदद से इस पर रोक लगायी जाये।
अदालत ने कूड़ा वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाने और सभी वन पंचायतों के नक्शे चार सप्ताह में वेबसाइट पर अपलोड करने के भी निर्देश दिये। अदालत ने कहा कि इसमें असफल रहने पर सचिव वन और राजस्व अगली तिथि पर अदालत में पेश होंगे। यही नहीं अदालत ने उत्तराखंड प्लास्टिक वेस्ट एंड अदर नॉन बायो डिग्रेडेबल गारबेज एक्ट, 2013 का सही अनुपालन के लिये छह माह में नियमावली तैयार करने और उत्पादों पर क्यूआर कोड लागू करने के निर्देश दिये हैं। यह भी कहा कि असफल रहने पर शहरी विकास विभाग के सचिव अगली सुनवाई पर अदालत में पेश होंगे।
याचिकाकर्ता ने वर्ष 2022 में दायर जनहित याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से प्लास्टिक जनित कूड़ा पर प्रतिबंध की मांग करते हुए कहा गया कि प्रदेश में प्लास्टिक जनित कूड़ा पर नियंत्रण नहीं लगाया जा सका है। प्लास्टिक जनित कूड़ा के जगह जगह इसके ढ़ेर लगे हैं। पर्यटक शहर और धार्मिक शहर भी इससे प्रभावित हैं।

# प्रदेश में 11 ईको-टूरिज्म स्थल चिन्हित: सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में ईको-टूरिज्म पर्यटन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है और इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जा रही है। यह बात मुख्यमंत्री ने यहां हिमाचल प्रदेश ईको-टूरिज्म सोसाइटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण वन क्षेत्रों में 11 ईको-पर्यटन स्थल चिन्हित किए गए हैं। इनमें पालमपुर वन मंडल में स्वार, सौरभ वन विहार, न्यूगल पार्क, बीड़-बिलिंग, पार्वती वन मंडल में कसोल, खीर गंगा व सुमारूपा, सिराज में सोझा,



कोटगढ़ में नारकंडा और शिमला वन मंडल के तहत शोघी कैंपिंग स्थल व पोटर हिल कैंपिंग स्थल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ईको-पर्यटन स्थल एक हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा।
आउटसोर्सिंग के माध्यम से विकसित व संचालित किए जाने वाले इन स्थलों के लिए आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति ने हिमाचल को अलौकिक सौंदर्य से नवाजा है और हिमाचल की मनभावन वादियां देश-विदेश से सैलानियों को आकर्षित करती हैं। उन्होंने कहा कि ईको-पर्यटन को प्रोत्साहित करने से राज्य में पर्यटकों की आमद बढ़ेगी और राजस्व में भी इजाफा होगा तथा प्रदेश में रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में अन्य स्थानों पर भी ईको-पर्यटन स्थल चिन्हित कर उन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।
बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार व संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, सचिव वन अमनदीप गर्ग, प्रधान मुख्य अरण्यपाल वन राजीव कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा जिले में सौ किलो से अधिक डोडा चूरा बरामद

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के बिजौलियां क्षेत्र में पुलिस ने 110 किलो डोडा-चूरा जब्त कर हरियाणा के एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा।
अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) जयपुर दिनेश एम.एन. के निर्देशन में जयपुर टीम आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ एवं तस्करों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाई के तहत सोमवार की रात टीम की सूचना पर डीएसटी भीलवाडा एवं पुलिस थाना बिजोलिया ने नेशनल हाईवे 27 पर नाकाबन्दी में एक कार की तलाशी लेने पर उसमें 110 किलो डोडा-चूरा मिला।
इस पर कार सहित डोडा चूरा जब्त कर तस्कर किरणपाल निवासी राजोन्द जिला कैथल, हरीयाणा को गिरफतार कर लिया गया वहीं इसका साथी गोल्डी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। टीम ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। बिजौलियां थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई ।

# डेंगू नियंत्रण के लिए उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

भोपाल। डेंगू रोग के बचाव और रोकथाम के लिये मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस की अध्यक्षता में मंत्रालय में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें डेंगू रोग पर नियंत्रण और रोकथाम के लिये संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गयी।
अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान, आयुक्त-सह-सचिव स्वास्थ्य डॉ. सुदाम खाड़े, मिशन संचालक एन.एच.एम. प्रियंका दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा डेंगू बीमारी के नियंत्रण एवं जनसमुदाय की सहभागिता तथा जागरूकता के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेंगू की पर्याप्त जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण आने पर जन-समुदाय को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की सलाह अनुसार जांच एवं उपचार के लिये समझाइश दिया जाना आवश्यक है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में अभी तक वर्ष 2023 में 46 हजार से अधिक संभावित रोगियों की जांच में 3 हजार 21 डेंगू प्रकरण पाये गये हैं जिन्हें आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। डेंगू बीमारी डेन वायरस के कारण से होती है एवं इसका संक्रमण संक्रमित मादा एडीज मच्छर के द्वारा एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य को काटने से फैलता है।

# राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए दिशा निर्देश जारी

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 9 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियो के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सामान्य आचरण के तहत किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो





सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए, तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी।

दलों और अभ्यर्थियों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से असंबद्ध निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। असत्यापित आरोपों या मिथ्या कथन के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा।

मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मंदिर, मस्जिद, चर्च और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन के प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा।

सभी दल और अभ्यर्थी ऐसी सभी गतिविधियों से ईमानदारी से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध हैं जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना- धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के अंतर्गत प्रचार करना, मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय के समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाएं आयोजित करना और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने- ले जाने के लिए परिवहन और वाहन उपलब्ध कराना। हर व्यक्ति के शांतिपूर्ण और बाधारहित घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और अभ्यर्थी उनकी राजनीतिक राय या गतिविधियों से कितने भी अप्रसन्न हो। किसी भी परिस्थिति में उनकी राय अथवा गतिविधियों के खिलाफ विरोध जताने के लिए व्यक्तियों के घर के सामने प्रदर्शन आयोजित करने या धरना देने का सहारा नहीं लिया जाएगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा।

# प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए कच्छ की महिला की अनूठी पहल


गांधीनगर। गुजरात में कच्छ की एक महिला ने गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है।
सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जब हम आज स्वच्छ भारत के मिशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब एक सशक्त महिला की कहानी सभी के लिए प्रेरणादायी बन गई, इस महिला ने गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने एक आत्मनिर्भर महिला के रूप में न केवल गुजरात, बल्कि दुनिया भर की महिलाओं को भी प्रेरित करने का काम किया है।
प्लास्टिक कचरे से बनाए निर्यात गुणवत्ता उत्पाद कच्छ के भुज शहर के निकट स्थित अवध नगर में रहने वाली 50 वर्षीय राजीबेन वणकर प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर उससे शॉपिंग बैग, पर्स, मोबाइल कवर, ट्रे, योगा मैट, फाइल फोल्डर और चश्मा कवर जैसी ट्रेंडी और दैनिक उपयोग की चीजें बनाती हैं। इस कार्य में उनके साथ 50 महिलाएं भी जुड़ी हैं, जो कटिंग से लेकर उत्पादों के निर्माण के विभिन्न चरणों का कार्य करती हैं।
जब राजीबेन की उम्र 13 साल की थी तब उन्होंने अपने पिता की बीमारी को देखते हुए बुनाई कार्य सीखने का निश्चय किया। परंपरागत रूप से यह पुरुषों का काम था, लेकिन परिवार की मदद करने के उद्देश्य से उन्होंने यह काम सीखना शुरू किया। विवाह के कुछ साल बाद पति का निधन हो जाने के कारण उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली और बुनाई कार्य के माध्यम से स्थानीय स्तर पर काम करना शुरू कर दिया। वे कच्छ की 'खमीर' नामक संस्था से जुड़ीं और वहां प्लास्टिक रीसाइक्लिंग का काम सीखा। राजीबेन ने बताया, पहले मैं 'खमीर' नामक एक एनजीओ में बुनाई का काम करती थी। यहां एक विदेशी महिला डिजाइनर हमारे साथ जुड़ीं और उन्होंने मुझे प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग कर विभिन्न उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मुठभेड़ में आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ की बस्तर पुलिस ने आज यहां आठ लाख इनामी नक्सली एरिया कमेटी का प्रभारी नागेश मारा गया। घटना स्थल से एक एके-47 रायफल और कई विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मद्देड़ू थाना क्षेत्र के बंदेपारा जंगल में माओवादी नक्सली संगठन के बड़े नेताओं का होने की जानकारी मिलने पर केन्द्रीय सुरक्षा बल, कोबरा बटालियन, बस्तर फाइटर, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स तथा बस्तर रिजर्व पुलिस बल का एक संयुक्त दल तड़के गश्त निकला, जब ये दल बंदेपारा के जंगल में पहुंचा, तो घात लगाए बैठे नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से एक घंटे तक गोलीबार हुयी जिसमें मद्देड़ एरिया कमेटी का प्रभारी नागेश पदम मारा गया। विभिन्न थानों में इसके विरूद्ध 100 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। सुंदरराज पी ने बताया कि गोलीबारी रूकने के बाद पुलिस पार्टी द्वारा घटना स्थल की बारिकी से जांच की गई सर्चिंग के दौरार बंदूक के अलावा कारतूस और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई इलाके में सर्चिंग जारी है।

## शार्ट न्यूज

### पैरा एशियन गेम्स में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे गाजियाबाद के दो प्रशिक्षक




गाजियाबाद। पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इण्डिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कवींद्र चौधरी ने बताया कि चीन के शहर हांगझाऊ में 22 अक्टूबर 2023 को पैरा एशियन गेम्स प्रारंभ होने जा रहे हैं, जिसमें भारत से लगभग 350 से अधिक एथलीट और 150 से अधिक ऑफिशल्स भाग लेंगे। जिसमें गाजियाबाद से सम्बद्ध दो वरिष्ठ खिलाड़ी पुरुष व महिला भारतीय टीम का प्रशिक्षक के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें जे. पी. सिँह पैरा पावर लिफ्टिंग मे भारतीय चीफ कोच के रूप मे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, वहीं महिला एस्कॉर्ट के रूप मे ऋचा सूद भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय पैरा खिलाड़ियों के दल का प्रतिनिधित्व करने वाले जे.पी. सिँह और ऋचा सूद दोनों ही मूलत: गाजियाबाद के निवासी हैं। पैरा एशियन गेम्स में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने को गाजियाबाद के दो वरिष्ठ खिलाड़ियों का प्रशिक्षक के रूप में चयन होने की खबर से जनपद और आसपास के प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जे.पी. सिँह और ऋचा सूद को शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इनमें डॉ. विपिन गुप्ता, अनुपम गोयल, अजय त्यागी, माधव चौधरी, उत्तम चौधरी , सुबोध जैन, कुलदीप त्यागी, वीरेंद्र कुमार, योगेश कुमार, परवेज खान, संजय त्यागी, अभिनव गुप्ता, अर्जुन चौधरी, नकुल चौधरी, अरनव त्यागी, अभिषेक त्यागी, रवि कुमार, पवन प्रताप सिंह आदि प्रमुख रहे।

### 27.21 करोड़ रुपए की लागत से होगा दिल्ली यूनिवर्सिटी सोशल सेंटर स्कूल का विस्तार

नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी सोशल सेंटर सह-शिक्षा स्कूल, मौरिस नगर के क्षैतिज विस्तार कार्य का शुभारंभ डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने भूमिपूजन के साथ किया। स्कूल परिसर में आयोजित इस समारोह में कुलपति ने अपने हाथों से जमीन खोद कर नींव की ईंट भी रखी। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि 27.21 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाला यह भवन 15 महीने में तैयार हो जाएगा। कुलपति ने कहा कि आज वो बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कान देख रहे हैं, वह मुस्कान बहुत अच्छी है और निन्संदेह 15 महीने बाद यह मुस्कान और बढ़ जाएगी। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संसाधन उपलब्ध करवाना भी है। बच्चों की गिनती के हिसाब से स्कूल में भवन की जो कमी है वह नई इमारत के बाद हल हो जाएगी। उन्होने कहा कि फिलहाल स्कूल में नर्सरी से 10वीं कक्षा तक लगभग 600 बच्चे पढ़ रहे हैं, जबकि भवन में कुल आठ कमरे और दो हाल ही हैं। नए भवन के बाद विद्यार्थियों को बैठने के लिए प्रयाप्त स्थान उपलब्ध होगा। भूमिपूजन के अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, चीफ इंजीनियर अनुपम श्रीवास्तव और फ़ाइनेंस ऑफिसर गिरीश रंजन सहित विश्वविद्यालय और स्कूल से जुड़े अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कुलपति ने बताया कि 16754 वर्गमीटर क्षेत्रफल के प्लॉट पर बनने वाले नए भवन की परियोजना लागत करीब 27.21 करोड़ रुपए है। सिंगल ब्लॉक की इस इमारत में बेसमेंट के अलावा ग्राउंड फ्लोर सहित चार मंज़िलें होंगी।

### 'सोलफुल सोयॉर्न' प्रदर्शनी 19 अक्टूबर तक बढ़ी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाइटी (एफैक्स) दीर्घा में कलाकार और लेखक अनुराग आनंद की कलाकृतियों की प्रदर्शनी 'सोलफुल सोयॉर्न' इन दिनों कला प्रमियों को आकर्षित कर रही है और इसके मद्देनजर आयोजकों ने प्रदर्शनी की तिथि दो दिन और बढ़ाकर 19 अक्टूबर तक कर दी। आयोजकों ने बताया कि इस प्रदर्शनी में तीन अलग-अलग सीरीज 'बिल्डिंग ब्लॉक्स,' 'कोड अन-कोड' और 'नेचर मिलांज' प्रदर्शित की गयी हैं। जिसमें से हर सीरीज़ कला के माध्यम से अद्वितीय परिप्रेक्ष्य और मानव अनुभव की एक गहन खोज की पेशकश करता है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार को में विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव और राजनयिक डॉ अमरेंद्र खटुआ ने स्टूडियो आईएएडी की प्रमुख आर्किटेक्ट और सह-संस्थापिका और ज़ोएरा की सह-संस्थापिका रचना अग्रवाल के साथ किया। डॉ खटुआ और रचना मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में पद्मश्री मूर्तिकार विमान दास ने दीप प्रज्ज्वलित किया था। उन्होंने आनंद के पैलेट और उनके कार्यों में परिपक्व रंगों तथा स्ट्रोक की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कलाकारी में जीवन के उन किस्सों को भी साझा किया, जिससे वे एक कलाकार के रूप में अपनी यात्रा में प्रेरित हुए थे। आनंद की 'द एच ऑफ़ हैबिटेशन' शीर्षक वाले नौ आर्टवर्क के सेट के बारे में बताते हुए डॉ खटुआ ने कहा, अनुराग आनंद ने मानव रूपों को बनाने के लिए मानव निर्मित संरचनाओं का बेहतरीन तरीके से उपयोग किया है। ऐसी कृतियां न केवल आकर्षक हैं बल्कि इनमें बहुत गहरा अर्थ भी निहित होता है।

# सरकारी बंगले में ही रहेंगे राघव

## हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का आदेश बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को सरकारी बंगला खाली नहीं करना पड़ेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 अक्टूबर को ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को बहाल रखा, जिसमें राज्यसभा सचिवालय की कार्रवाई पर अंतरिम रोक को हटा दिया गया था।
मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अनूप जे भंभानी ने कहा- राज्यसभा सचिवालय के खिलाफ ट्रायल कोर्ट का वह आदेश बहाल रहेगा, जिसमें उसने सचिवालय को राघव से बंगला खाली ना करवाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह रोक तब तक लागू रहेगी, जब तक कि ट्रायल कोर्ट अंतरिम राहत के लिए आप नेता के आवेदन पर फैसला नहीं कर लेता।



राघव चड्ढा ने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला था, जिसका उद्देश्य एक युवा, मुखर सांसद को चुप कराना था। विपक्ष की आवाजों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।
आप सांसद ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा- यह घर या दुकान के लिए नहीं, बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है, लेकिन आखिर में जीत सत्य और न्याय की हुई।

### अक्टूबर में ट्रायल कोर्ट ने आदेश वापस लिया था

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने 6 अक्टूबर को अपने उस अंतरिम आदेश को वापस ले लिया था, जिसमें उसने राज्यसभा सचिवालय को राघव चड्ढा से बंगला खाली ना करवाने का निर्देश दिया था।
कोर्ट ने कहा कि राघव चड्ढा को टाइप-7 बंगले में रहने का विशेषाधिकार दिया गया था। वे बंगले में रहने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते। राज्यसभा सचिवालय ने 3 मार्च को आप सांसद राघव चड्ढा के टाइप-7 बंगले का अलॉटमेंट रद्द करते हुए बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया था।
इसके खिलाफ राघव चड्ढा कोर्ट पहुंचे थे। आप सांसद ने कोर्ट में बताया था कि बतौर सांसद अभी उनका कार्यकाल चार साल से ज्यादा समय का बचा हुआ है। ऐसे में उन्हें बंगले में रहने का अधिकार है। हालांकि, कोर्ट ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद राघव चड्ढा ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा- राज्यसभा के 70 साल से ज्यादा समय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक राज्यसभा सदस्य को उसके आवंटित आवास से हटाने की मांग की जा रही है। आप सांसद ने भाजपा पर उन्हें टारगेट करने का आरोप लगाया।

## सिसोदिया की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (17 अक्टूबर) को दिल्ली शराब नीति केस में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सिसोदिया के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और घोटाले से उनका कोई संबंध नहीं है। फिर उन्हें आरोपी क्यों बनाया गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी ये नहीं कह रही कि पैसा आपके पास आया है। बल्कि उसका कहना है कि सिसोदिया की इन्वॉल्वमेंट में घोटाले का पैसा इधर-उधर किया गया है।
आप नेता 228 दिन से जेल में बंद हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की हैं, जिनमें दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत न देने के फैसले को चुनौती दी गई है। उनके वकील अभिषेक मनु



सिंघवी का कहना है कि सिसोदिया पर आरोप बेबुनियाद हैं और इनसे साबित नहीं होता कि याचिकाकर्ता का इस धांधली से कोई संबंध है। मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने की। वहीं, ED-CBI की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। दरअसल, सिसोदिया को आबकारी नीति केस में 26 फरवरी को CBI ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद इसी नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 9 मार्च को उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## गोपाल राय ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर राजधानी में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने को लेकर एनसीआर के राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ जल्द से जल्द संयुक्त बैठक करने की अपील की है। गोपाल राय ने दिल्ली में सर्दियों के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने को लेकर एनसीआर के राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ जल्द से जल्द संयुक्त बैठक करने की अपील की है।
उन्होंने पत्र में कहा है कि दिल्ली के प्रदूषण में 31 प्रतिशत दिल्ली के अंदर के स्त्रोतों की भूमिका है जबकि 69 प्रतिशत एनसीआर के राज्यों के स्त्रोतों की भागीदारी है। सर्दी के मौसम में दिल्ली के अंदर वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है। दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई कदम उठा रही है लेकिन जब तक एनसीआर के राज्यों में दिल्ली में आ रहे प्रदूषण के कारकों पर रोक नहीं लगेगी, तब तक हमारे द्वारा उठाए गए सारे कदम प्रभावशाली नहीं हो पाएंगे।
इसलिए एनसीआर राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ एक संयुक्त बैठक शीघ्र बुलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर ठंड के मौसम में प्रदूषण की समस्या काफी बढ़ जाती है।

## ग्रेनो की गौर सिटी सोसाइटी में पानी की किल्लत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में गौर सिटी 14 एवेन्यू के रेजिडेंट्स ने जमकर प्रदर्शन किया। इन लोगों ने बताया कि सोसाइटी में पानी की किल्लत चल रही है, जिस पर बिल्डर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। इसी को लेकर इन लोगों का गुस्सा भड़क गया। सोमवार शाम को सोसाइटी के लोग इकट्ठा होकर गेट पर आ गए और रोड पर खड़े होकर उन्होंने नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की गौर सिटी सोसाइटी की 14 एवेन्यू में करीब 15 दिनों से पानी की किल्लत चल रही है। इसमें करीब आठ दिनों से पानी की किल्लत और ज्यादा बढ़ गई है।

## बरवाला गांव में पिछले एक महीने से हो रही गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड बवाना विधानसभा के बरवाला गांव में पिछले एक महीने से गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई कर रहा है। इसकी वजह से पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। गंदे बदबूदार पानी से नहाना धोना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि सुल्तानपुर डबास यूजीआर और जैन कालोनी की तरफ से बरवाला गांव में आ रही पानी की पाईप लाईन में कहीं लीकेज है। जिसके कारण नाले का गंदा पानी साफ पानी में मिक्स हो रहा है। दिल्ली जल बोर्ड एक महीने बाद भी अभी तक उस लीकेज का पता नहीं लगा पाया है जिससे गंदा बदबूदार



पानी आ रहा है। लोग मजबूरी में बाजार से खरीद कर पानी पी रहे हैं। लेकिन पानी खरीदकर नहाना तो संभव नहीं है। सुल्तानपुर डबास यूजीआर की सप्लाई में बालू रेत मिट्टी सालों से आ रही है। लेकिन जल बोर्ड ने ना तो यूजीआर की साफ सफाई कराई है और ना ही बरवाला गांव को जाने वाली लाईन की। गांव वालों की स्थिति नारकीय हो गई है। घर में कोई मेहमान आ जाए तो पीने का साफ पानी भी नहीं पिला सकते हैं। स्थानीय बरवाला गांव की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दयानंद वत्स ने दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल,जल मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज,जल बोर्ड के श्री उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को एक्स पर ट्वीट कर स्थिति की। जानकारी दी है और उनसे इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर गांव में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। वत्स ने सुल्तानपुर डबास यूजीआर और बरवाला आ रही पानी की पाईप लाइन की सफाई कराने की भी मांग की है।

## मुख्य सचिव ने गांवों के मसलों पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी से चर्चा की

### सभी गांव का हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ होना चाहिए

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी के साथ गांवों के मसलों पर चर्चा की। इस दौरान चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने सर्कल रेट समेत नौ मसलों का जल्द से जल्द समाधान करने का आग्रह किया। इस संबंध में उन्होंने मुख्य सचिव को एक ज्ञापन सौंपा। उनके साथ बवाना 52वीं खाप के प्रधान चौ. धारा सिंह, नांगलोई आठ गामा के प्रधान चौ. सुरेश शौकीन के अलावा रोहताश शौकीन, राजेंद्र डागर आदि मौजूद थे।
इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने मुख्य सचिव को बताया कि उनकी खाप काफी समय से गांवों के विभिन्न ममलों को लेकर केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार का दरवाजा खटखटाने में लगी हुई, लेकिन अभी तक उनके मसलों पर गौर नहीं हुआ है। इस कारण



ग्रामीणों में भारी रोष है और उन्होंने आंदोलन आरंभ करने के लिए कमर कस ली है। लिहाजा हमने आंदोलन शुरू करने से पहले एक बार आपको पूरे मसले से अवगत कराने का निर्णय लिया। हमारा आपसे आग्रह है आप ग्रामीणों को न्याय दिलाने की पहल करें।
उन्होंने बताया कि सभी गांव का हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ होना चाहिए, म्यूटेशन प्रक्रिया को पुन: बहाल की जाए, डीएलआर एक्ट की धारा-81 और धारा-33 के तहत कार्यवाही को समाप्त की जाए, धारा-81 में दर्ज पुराने मामलों को तुरन्त वापस लेने की पहल की जाए, धारा-74 (4) के अंतर्गत गांवों के भूमिहीनों, पूर्वसैनिकों व उनकी विधवाओं आदि को ग्रामसभा की भूमि में आवंटित रिहायशी व कृषि भूमि के पट्टों को मालिकाना हक दिया जाए, भूमि अधिग्रहण के दौरान ग्रामीणों को वैकल्पिक प्लॉट देने के निर्णय को अमलीजामा पहनाया जाए, ग्रामसभा की जमीन का डीडीए को हस्तान्तरण करने पर रोक लगाकर उनका इस्तेमाल गांरों में सुविधाएं उपलब्ध कराने व विकास कार्यों में इस्तेमाल किया जाए, लैंड पूलिंग तथा जीडीए पॉलिसी के बारे में किसानों के पक्ष में अभी तक विभिन्न संबंधित पक्षों ने दिए सुझावों व मांगों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाए, सभी गांवों में लाल डोरे का जल्द से जल्द विस्तार किया जाए, स्वामित्व योजना को दिल्ली में भी लागू करके ग्रामीणों को उनकी पुश्तैनी सम्पति का मालिकाना हक दिया जाए और भूमि अधिग्रहण से संबंधित सर्किल रेट पूरी दिल्ली में एक समान किया जाए व कम से कम पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर से सर्किल रेट घोषित किया जाए।

## लक्ष्मण- परशुराम संवाद सुन दर्शक हुए रोमांचित

### राम का आदर्श, मानव चेतना का उत्कर्ष है : सतीश गर्ग

नई दिल्ली। आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में अहिल्या उद्धार ,सीता स्वयंवर व लक्ष्मण-परशुराम संवाद कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कंप्यूटरराइड यंत्रों , लेजर लाइट व एलईडी स्क्रीन के सहयोग से भव्य एवं खूबसूरत महल दिखाया गया। जहां सीता स्वयंवर कि लीला देख दर्शक भाव विभोर हो गए तो वही लक्ष्मण परशुराम संवाद कि लीला देख दर्शक रोमांचित हो उठे । रामलीला का उद्घाटन समाजसेवी सुरेंद्र पाल गुप्ता मुख्य संरक्षक आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भारती जनता पार्टी दिल्ली



प्रदेश ने अपने संबोधन में कहां कि राम का आदर्श ही मानव चेतना का उत्कर्ष है हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग हेतु अपील की। कार्यक्रम में , बी पी गर्ग, चंदन शर्मा, नितिन बत्रा, प्रवीण कुमार सिंह, प्रदीप गोयल, बिट्टू हार्मिलापी, संदीप गुप्ता, विजय बंसल, राहुल गुप्ता, पंकज वासिया , उषा गोयल, सुमेधा गर्ग उपस्थित रही।

# गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित कार्यक्रम में प्रतिष्ठित लोगों की असाधारण उपस्थिति रही

नई दिल्ली। गैर सरकारी संगठन परिचय फाउंडेशन जो भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम करता है द्वारा परम्परा पुरस्कार 2023 कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया । गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित लोगों की असाधारण उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत एंकर ध्वनि जैन द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई। सम्मानित अतिथियों - के.जे. अल्फोंस (पूर्व केंद्रीय मंत्री) द्वारा दीप प्रज्वलन समारोह द्वारा संस्कृति और पर्यटन राज्य के), पद्मश्री गीता चंद्रन (श्रद्धेय भरतनाट्यम गुरु) मानसी प्रधान (प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता) और राजदूत अमरेंद्र खटुआ जी (पूर्व) सचिव, विदेश मंत्रालय), न्यायमूर्ति वी.एन. सिन्हा (पूर्व न्यायाधीश), प्रोफेसर डॉ. सुनील बलिराम गायकवाड़ (पूर्व अध्यक्ष, दिशा समिति, महाराष्ट्र और पूर्व सदस्य संसद), मुकुल वर्मा जी (वकील, सुप्रीम कोर्ट), मनीष चौधरी (अध्यक्ष, भारत का सम्मान करें) प्रियदर्शी मिश्रा (पूर्व विधायक, महासचिव बीजेडी), और डॉ. रोज़लिन पटासानी (संस्थापक/अध्यक्ष-परिचय फाउंडेशन) मुख्य




भाषण परिचय फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष रोज़लिन पाटसानी मिश्रा द्वारा दिया गया था ।मिडिया कोऑर्डिनेटर भूपेश गुप्ता ने बताया कि इसके बाद सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण था, जो थे- प्रदर्शन पद्मश्री इलियाना सिटारिस्टी और वैश्विक नृत्य आइकन सास्वत जोशी द्वारा दिया गया।
पद्मश्री इलियाना, उनके मंत्रमुग्ध कर देने वाले ओडिसी प्रदर्शन के माध्यम से शरणम को दर्शाया गया - जो 3 की कहानी है तीन अलग-अलग धर्मों की महिलाएं मैरी मैग्डेलेना, आम्रपल्ली और पिंगला एक जैसी हैं संदेश-ईश्वर की दयालु दृष्टि के सामने कोई भी पाप बड़ा नहीं है। ग्लोबल आइकन सास्वत जोशी और उनके लस्याकला समूह ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली रानापा लोक प्रस्तुति दी।
रानापा नृत्य, जो है इसकी जड़ें मार्शल आर्ट में हैं, यह उड़ीसा के गंजम जिले के तटीय क्षेत्रों में लोकप्रिय है इसमें भगवान कृष्ण के जीवन का अभिनय शामिल है।
इसके बाद बहुप्रतीक्षित परम्परा पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। पूरे भारत और विदेशों से विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों को दिया गया।
पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं- नीरा मिश्रा (सामाजिक उद्यमी, दिल्ली), डॉ. राजिंदर पाल सिंह, (सलाहकार प्रत्यारोपण) सर्जन, मैनचेस्टर रॉयल इन्फर्मरी, लंदन, यूके), गोपबंधु मलिक, (सेवानिवृत्त आईएएस, पूर्व अपर. पुलिस महानिदेशक, ओडिशा), ब्रिजेश कुंतल (सामाजिक कार्यकर्ता, दिल्ली), डॉ. एन.बी.वी.एस. रेड्डी (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय जन कल्याण परिषद, हैदराबाद), डॉ. शिव काकरान (उद्यमी-निदेशक, ट्राइडेंट इवेंट्स एंड मीडिया लिमिटेड, यूके), प्रेरणा सिंह (व्यवसायी-महिला/लेखक, बिहार), कृष्ण कुमार कनक, साहित्य का क्षेत्र- (साहित्यकार-कार्यकर्ता, उत्तर प्रदेश), मनोशी सिन्हा (लेखिका/शोधकर्ता, उत्तर-पूर्व), बिपंची दास (ओडिसी नर्तक/कोरियोग्राफर, ओडिशा), श्री. अमित त्यागी (पत्रकार, मुंबई), सीबा रंजन बिस्वाल (उद्यमी, यूके), श्री राजीव तोमर (पहलवान, यूपी), सुश्री सुनंदा राव (एचआर) मेवरिक और हेड एचआर और कैरियर कोच)।
इसके बाद अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद, परिणीति एथनिक वॉक शो हुआ, जहां विभिन्न मॉडलों ने प्रदर्शन किया ओडिशा हथकरघा का सुंदर काम। समारोह का समापन परिचय के संस्थापक-अध्यक्ष द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर इंजीनियर से 10 लाख ठगे

**नोएडा।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के रहने वाले एक साफ्टवेयर इंजीनियर को घर बैठे पार्ट टाईम जॉब कर लाखों कमाने का झांसा देकर उनके साथ 10 लाख 45 हजार रुपए की ठगी कर ली है। जालसाज़ ने पीड़ित को एक टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इसको लेकर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में जेपी अमन सोसाइटी ग्रेटर नोएडा के रहने वाले नीतिश कुमार ने बताया कि ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया था। जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपए कमाने की बात की गई थी। उन्होंने जब उन लोगों से बात किया इस दौरान उनको एक टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने उनको कुछ ई कॉमर्स वेबसाइट के ऑनलाइन पेज को अच्छा रेटिंग और रिव्यू करने का टास्क दिया। जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। इस दौरान उनको कुछ फायदा हुआ। जालसाज़ ने उनको दूसरे टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा। इस दौरान उनका एक अकाउंट बना दिया गया। इसके जरिए उन्होंने कई कंपनियों के शेयर में निवेश किया।

YEIDA FUTURE IS HERE

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए. / भूलेख / 166 / 2023 — दिनांक : 17/10/2023

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है -

**ग्राम आकलपुर, सैक्टर-10**

| कमांक | ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षे. (हे.में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे. में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आकलपुर (सै.-10) | 164 | 202 | 1.6780 | नितेश कुमार पुत्र धर्मवीर व चन्द्रवती पत्नी धर्मवीर नि0 ग्राम आकलपुर | 1/8 भाग | 0.2097 |
| 2 | आकलपुर (सै.-10) | 104 | 37 | 0.5840 | विपिन कुमार कपिल कुमार, अशोक, योगेश, पुत्रगण ओमप्रकाश, शीला देवी पत्नी ओमप्रकाश नि0 आकलपुर | 1/4 भाग | 0.1460 |
| 3 | आकलपुर (सै.-10) | 104 | 37 | 0.5840 | प्रहलाद सिंह पुत्र रतना नि0 आकलपुर | 1/4 भाग | 0.1460 |
| 4 | आकलपुर (सै.-10) | 104 | 37 | 0.5840 | राजन पुत्र रतना नि0 आकलपुर | 1/4 भाग | 0.1460 |
| 5 | आकलपुर (सै.-10) | 150 | 91 | 0.4600 | रनवीर सिंह सोना नि0 आकलपुर | 2/3 भाग | 0.3066 |
| 6 | आकलपुर (सै.-10) | 187 | 93 | 1.8270 | संजीव भाटी व गौरव कुमार पुत्रगण पूरन सिंह, श्रीमती कमलेश देवी पत्नी पूरन सिंह नि0 ग्राम आकलपुर | में से | 0.1147 |

पत्रांक : वाई.ई.ए. / भूलेख / 167 / 10 / 2023 — दिनांक : 17/10/2023

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं हेतु परियोजना विभाग की आवश्यकतानुसार ग्राम मूँजखेडा सैक्टर-22 डी0 आर.पी.एस.-05 भूखण्ड योजना के अन्तर्गत है जिसके सापेक्ष 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर का वितरण किया जाना प्रस्तावित है -

| ग्राम का नाम | सैक्टर | खसरा संख्या |
|---|---|---|
| मूँजखेडा | सैक्टर-22 डी0 आर.पी.एस.-05 भूखण्ड योजना | 847 |

भूमि के अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रुप में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर सी0आर0 सेल/तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी

# संपादकीय

## कुपोषण से बचाव की चिंता

सरकार का उद्देश्य विकास की राह में कुपोषण की बाधा को दूर करना और आम लोगों की सेहत में सुधार करना है। देश में लंबे समय से कुपोषण की समस्या बहस के केंद्र में रही है और सरकारें समय-समय पर इसे दूर करने के लिए कदम भी उठाती रही हैं। इस समस्या को दूर करने के मकसद से कमजोर तबकों के लोगों के लिए सस्ती दर पर या फिर मुफ्त अनाज मुहैया कराया जाता रहा है। इसी क्रम में जरूरतमंद आबादी को अतिरिक्त पोषक तत्त्वों से युक्त यानी फोर्टिफाइड चावल देने की योजना भी है।

जाहिर है, सरकार का उद्देश्य विकास की राह में कुपोषण की बाधा को दूर करना और आम लोगों की सेहत में सुधार करना है। मगर इस चावल को लेकर कुछ चिंताएं उभरी हैं और कुछ स्थितियों में इससे नुकसान होने की आशंका जाहिर की गई है। इसी मसले पर दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार को खाद्य सुरक्षा और मानक खाद्य पदार्थों का सुदृढ़ीकरण कानून के तहत उठाए गए सभी कदमों के बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि अतिरिक्त पोषणयुक्त चावल की थैलियों पर अंकित की गई जानकारियों में यह सलाह भी दी जानी चाहिए कि यह 'सिकल सेल रक्ताल्पता' और थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों के लिए हानिकारक है।

गौरतलब है कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े कानून के तहत सूक्ष्म पोषण वाले लौह-तत्त्व से भरपूर भोजन की हर थैली पर यह स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए कि थैलेसीमिया रोग से पीड़ित लोगों को चिकित्सीय देखरेख में रखा जा सकता है और सिकल सेल रक्ताल्पता का सामना कर रहे लोगों को लौह तत्त्व से युक्त फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों का सेवन न करने की सलाह दी जाती है।

दरअसल, चावल, दूध और नमक जैसे रोजमर्रा के उपयोग वाले प्रमुख खाद्य पदार्थों के पोषण स्तर में सुधार करने के मकसद से इनमें रासायनिक या सिंथेटक विटामिनों, यानी लौह तत्त्व, आयोडीन, जिंक, विटामिन ए और विटामिन डी जैसे प्रमुख पोषक तत्त्वों और खनिजों को मिलाया जाता है। कुपोषण की व्यापक समस्या का सामना करने के मामले में इससे काफी मदद मिलने की संभावना जताई गई है।

लेकिन याचिका में वैज्ञानिक सबूतों का हवाला देते हुए इस बात पर चिंता जाहिर की गई है कि कुछ चिकित्सीय स्थितियों से पीड़ित लोगों के लिए आयरन-फोर्टिफाइड चावल विपरीत असर करता है। इसलिए इस बारे में आम लोगों को स्पष्ट रूप से जानकारी दी जानी चाहिए और इस संबंध में कानूनी व्यवस्था भी यही है।

इसमें दो राय नहीं कि अतिरिक्त पोषण से युक्त चावल आम लोगों को देने के पीछे सरकार का मकसद एक बड़े तबके के बीच पसरी कुपोषण की समस्या को दूर करना रहा है।

इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए अलग-अलग स्तर पर उठाए गए कदमों में से यह भी एक है। लेकिन अगर इस तरह के चावल को लेकर विशेषज्ञों की ओर से कोई आशंका जताई गई है तो उस पर भी विचार किया जाना चाहिए।

आखिर किसी अनाज में अतिरिक्त पोषक तत्त्व शामिल करने के पीछे सरकार का उद्देश्य भी आम लोगों के बीच व्यापक कुपोषण की समस्या को दूर करना और सेहत को बेहतर करना ही है।

हालांकि कई बार ऐसा होता है कि एक ही रसायन, खनिज या पोषक तत्त्व किसी कमजोर सेहत वाले के लिए फायदेमंद होता है तो वही किसी खास बीमारी का सामना कर रहे व्यक्ति के शरीर पर विपरीत असर डाल सकता है। इसलिए अगर स्वास्थ्य की किसी परेशानी के दायरे में आने वाले लोगों को ऐसा अनाज सेवन न करने की सलाह पहले ही दी जाए तो एक अन्य समस्या के गहराने से बचा जा सकता है।

## ओलंपिक में क्रिकेट

क्रिकेट और फुटबाल दो ऐसे खेल हैं, जिनके प्रति दुनिया भर में दीवानगी देखी जाती है। फुटबाल पहले से ओलंपिक में शामिल है। इस तर्क से भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने की मांग जायज थी। ये दोनों खेल अब केवल मनोरंजन का साधन और खिलाड़ियों के कौशल की परख के माध्यम नहीं, बल्कि कमाई का बड़ा साधन भी बनते गए हैं।

आखिरकार क्रिकेट को भी ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया है। इसकी घोषणा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मतदान के बाद की। दो को छोड़ कर सभी देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस फैसले से स्वाभाविक ही क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। क्रिकेट का खेल जिस तरह दुनिया भर में लोकप्रिय हो चुका है, उसमें इसके ओलंपिक में शामिल न रहने को लेकर लंबे समय से निराशा जताई जा रही थी। हालांकि क्रिकेट से संबंधित कई विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाती हैं। विश्वकप का आयोजन भी होता है। इसके बावजूद चूंकि ओलंपिक की अपनी गरिमा है, इसलिए खेल प्रेमी और खुद क्रिकेट खेलने वाले भी ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में इसे शामिल करने के पक्षधर थे।

हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब क्रिकेट को ओलंपिक खेलों में शुमार किया गया। सन 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था, जिसमें इंगलैंड ने फ्रांस को हराया था। अब 2028 में लास एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में फिर से क्रिकेट की प्रतिस्पर्धा हो सकेगी। अभी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति इसका स्वरूप तय करेगी, पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इसमें केवल छह महिला और छह पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी।

दरअसल, ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में क्रिकेट को शामिल न करने को लेकर सबसे बड़ी अड़चन इसे खेले जाने की अवधि के मद्देनजर रही है। ओलंपिक में खेले जाने वाले सभी खेल छोटी अवधि के होते हैं, मगर क्रिकेट में पूरा दिन लग जाता है। अगर कभी मौसम खराब हो गया तो खेल को टालना भी पड़ता है। फिर ओलंपिक खेलों का मकसद पुराने, स्थानीय और पारंपरिक खेलों को संरक्षण प्रदान करना, उनमें नए खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना रहा है, इसलिए व्यावसायिक लोकप्रिय खेलों को उसमें शामिल करने से परहेज किया जाता रहा है। इसलिए भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने को लेकर कभी गंभीरता नहीं दिखाई गई।

मगर ओलंपिक के छोटे स्वरूप वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल कर लिया गया, तो स्वाभाविक रूप से ओलंपिक समिति पर इसके लिए दबाव बना। फिर जब ओलंपिक संघ ने इंटरनेट माध्यमों पर खेले जाने वाले बिल्कुल नए तरह के खेलों की प्रतिस्पर्धा को भी मान्यता दे दी है, तो क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल को इससे बाहर रखने का औचित्य नहीं रह गया था। क्रिकेट के साथ चार अन्य नए खेलों को भी ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं में शामिल होने की मान्यता दी गई है।

क्रिकेट और फुटबाल दो ऐसे खेल हैं, जिनके प्रति दुनिया भर में दीवानगी देखी जाती है। फुटबाल पहले से ओलंपिक में शामिल है। इस तर्क से भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने की मांग जायज थी।

ये दोनों खेल अब केवल मनोरंजन का साधन और खिलाड़ियों के कौशल की परख के माध्यम नहीं, बल्कि कमाई का बड़ा साधन भी बनते गए हैं। जितने प्रायोजक इन खेलों को मिलते हैं, उतने किसी खेल को नहीं मिलते। इस तरह इनकी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करने वाली समितियां धनी खेल समितियों में शुमार हैं।

ओलंपिक में शामिल होने से वहां भी इनके प्रायोजकों की संख्या बढ़ेगी। मगर अब भी यह प्रश्न अपनी जगह बना हुआ है कि क्रिकेट मैच को किस तरह व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे ओलंपिक का अधिक समय खर्च न हो। मगर अब जिस तरह क्रिकेट में बीस ओवर की प्रतिस्पर्धा भी लोकप्रिय होती गई है, इसके समय को व्यवस्थित करना कठिन नहीं होगा। फिलहाल क्रिकेट का ओलंपिक में शामिल होना इसका बड़ा सम्मान है।

# निठारी कांड के निर्णय पर गूंजते सवाल



**अशोक मधुप**

**वरिष्ठ पत्रकार**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के नोएडा के चर्चित निठारी कांड के 12 केस के आरोपी सुरेंद्र कोली और दो केस में फंसी की सजा पाए कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी ने बरी कर दिया है। शायद यह एतिहासिक होगा कि एक साथ 12 मामलों में फंसी के आरोपी को बरी किया गया हो। न्यायालय ने इन्हें दोष मुक्त तो करार दे दिया। किंतु ये न्याय एक तरफा है। अधूरा है।निठारी कांड तो हुआ है।चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। निठारी गांव के कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को दो केस में फंसी की सजा हो चुकी है।अब जब की ये निचली अदालत से फांसी की सजा पाए ये दोनों आरोपी हाईकोर्ट ने बरी कर दिए तो व्यवस्था को यह तो बताना ही होगा कि फिर इस कांड के आरोपी कौन हैं? किसने इस कांड की 19 घटनाओं को अंजाम दिया। कांड तो हुआ ही है।ये दोंनों आरोपी इसलिए बरी हो गए कि इनके विरूद्ध सुबूत नही थे। किंतु पीड़ित परिवार को भी तो न्याय चाहिए।उनके परिवार की युवतियों, बेटियों बच्चों पर जुल्म करने वाला, उनसे व्यभिचार कर उन्हें काटकर खाने वाला कोई तो होगा? किसी ने तो ये कांड किया होगा? उसे कानून की जद में लाकर सजा कौन दिलाएगा? ये निर्दोष थे तो फिर इनकी कोठी के पास नाले में किसने मारकर इनको डाला?

इस मामले में कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोठी ष्ठ-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था। निठारी गांव की दर्जनों लड़कियों गायब हो गईं। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाश के टुकड़े कर बाहर फेंक आता था।

29 दिसंबर 2006 को नोएडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार किया।आठ फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया।मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपमुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सहअभियुक्त बनाया।13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था।इसके बाद 11 केस में दोनों को सजा हुई।



पुलिस ने इस मामले में कहा था कि कम से कम 19 युवा महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था, उनकी हत्या कर दी गई थी और उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। पुलिस ने उस समय कहा था कि ये हत्याएं पंढेर के घर के अंदर हुई थीं, जहां कोली नौकर के तौर पर काम करते थे।पुलिस ने आरोप लगाया कि जिन बच्चों के अवशेष बैग में छिपे हुए पाए गए थे, उन्हें कोली ने मिठाई और चॉकलेट देकर लालच देकर मार डाला था।पुलिस का कहना था कि जांच के दौरान कोली ने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवों के साथ संबंध बनाने) की बात कबूल की थी। बाद में उन्होंने अदालत में अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था।सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ़ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था।इस मामले की गूंज कई सालों तक देश गूंजती रही थी। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे. स्थानीय लोगों ने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामले में इसलिए भी कार्रवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होने वालों में से अधिकतर गरीब परिवार के थे. ग़ाज़ियाबाद जेल में बंद कोली को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई किए जा रहे 12 मामलों में मौत की सज़ा सुनाई गई थी।

वहीं पंढेर नोएडा की जेल में बंद हैं और उन्हें दो मामलों में मौत की सज़ा हुई थी।कोली की सज़ा को उम्रकैद में बदलने वाले हाईकोर्ट के आदेश को उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अभी ये मामला शीर्ष न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने निर्णय में ये माना कि आरोपियों के विरूद्ध सबूत नही हैं। न्यायालय ने ये नही कहा कि कांड हुआ ही नही।कांड तो हुआ। 19 महिलाओं और बच्चियों के कंकाल कोठी डीएस-5 के सामने नाले से मिले। अब प्रश्न यह है कि ये नही तो किसी और ने ये कांड किया है।जिसने कांड किया उसे सजा दिलाने की किसकी जिम्मेदारी है? किंतु लगता है कि न्यायालय ने इस केस के आरोपी के बरी हो जाने के बाद ये केस व्यवस्था की कबाड़ की फाइल में चला जाएगा।

2006 से न्याय की आशा में बैठे पीडित परिवार को रो पीट कर चुप हो बैठना पड़ेगा।इस निर्णय के बाद पीड़ितों के माता पिता और परिवार वालों का दुख और गहरा हो गया। अपनों को खोने वालों ने कहा कि 17 साल बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिला। निठारी कांड में अपने बच्चों को खोने वाले पैरेंट्स का लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढ़ेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चों को किसने मारा है?

एक बात और हाईकोर्ट ने कहा कि शवों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच नही हुई।ये रिपोर्ट मानव तस्करी की ओर इशारा कर रही थी।दोनों न्यायधीश ने जांच पर नाखुशी जताते हुए ये भी कहा कि जांच बेहद खराब है। सुबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एसेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास के साथ धोखा है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश किया। हाईकोर्ट ने माना कि ऐसी गंभीर चूक के कारण मिलीभगत सहित कई गंभीर निष्कर्ष संभव है। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि आरोपी अपील कर्ता को निचली अदालत में स्पष्ट रूप से निचली अदालत में सुनवाई का मौका नही मिला। न्यायालय ने निर्णय में ये भी कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई सुबूत नही हैं।सुबूत के अभाव में दोनों आरोपियों को लगभग 17 साल जेल में रहना पड़ा।अकारण जेल में बिताए इनके इन सालों के लिए कौन जिम्मेदार है?

इस केस में शुरूआत से ही पुलिस पर आरोप लगते रहते हैं कि वह इस मामले में रूचि नही ले रही।उसीके बाद मामला सीबीआई को गया। अब सीबीआई की जांच पर भी सवाल उठा है तो सीबीआई को अपनी जांच और प्रक्रिया पर भी सोचना और बदलाव करना होगा। क्योंकि देश में उसका बहुत सम्मान है। प्रत्येक प्रकार के टिपिकल मामले में उसी से जांच कराने की बात आती है। अब उसकी भी जांच ऐसी ही निम्न स्तरीय होगी,तो फिर उसे सोचना तो होगा ही।

## इतिहास से ज्ञान, वर्तमान के श्रम से भविष्य के निर्माण का ले संकल्प

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है।

यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है।

कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी।




# बिहार में जातिगत जनगणना से किसको मिलेगा राजनीतिक लाभ ?



**(सीए) मनीष कुमार गुप्ता**

बिहार में हाल ही में जातिगत जनगणना का कार्य राज्य सरकार की ओर से पूरा कराया गया है। गौरतलब हो कि बिहार सरकार की ओर से बीते 2 अक्टूबर को जातिगत जनगणना की सर्वे रिपोर्ट जारी की जा चुकी है। इस लिहाज से अब बिहार जाति आधारित जनगणना कराने वाला देश का प्रथम राज्य भी बन चुका है। दरअसल बिहार सरकार की ओर से जातिगत जनगणना की सर्वे रिपोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी में आने वाली जातियों की कुल जनसंख्या 63 प्रतिशत बताई गई है। जबकि अनारक्षित श्रेणी में आने वाले हिंन्दू-मुस्लिम समुदायों की कुछ जातियों की संख्या कुल आबादी का 15 प्रतिशत ही है। इसके अलावा बिहार सरकार की जातिगत जनगणना में पिछड़ी जातियों की आबादी में वृद्धि भी हुई है। जबकि वहीं दूसरी ओर से हिन्दू सवर्ण जातियां मसलन ब्राळमण, राजपूत, भूमिहार और कायस्थों की आबादी में पहले की तुलना में काफी कमी आई है। दरअसल बिहार सरकार की ओर से कराए गए जातिगत जनगणना की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 1931 की जनगणना की तुलना में 2022 में मिले आकड़ों के लिहाज से ओबीसी जातियों की आबादी 33 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। इसके अलावा बिहार की जातिगत गणना की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले यादव जाति की आबादी ही 10 फीसदी से बढ़कर 14.26 फीसदी हो चुकी है। जबकि अनुसूचित जाति यानी दलित की आबादी 14.1 से बढ़कर 19.65 फीसदी और मुस्लिमों की आबादी 12.5 से बढ़कर 19 फीसदी हो गई है। ऐसे में यदि बिहार में जातिगत जनगणना की पूरी सर्वे रिपोर्ट को गौर से देखें तो पूरे प्रदेश की कुल आबादी की 63 प्रतिशत आबादी तो केवल ओबीसी जातियों की है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि, जब ओबीसी जातियों की हिस्सेदारी प्रदेश में सबसे ज्यादा है, तो क्या बिहार सरकार प्रदेश में ओबीसी को आरक्षण में ज्यादा हिस्सेदारी देने की कोशिश कर रही है ?

### क्या बिहार में सभी जातियो को मिल पाएगा समान आरक्षण का लाभ ?

बिहार सरकार की ओर से जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट जारी करने के बाद एक सवाल उठना लाजिमी है कि, किस जाति को सबसे ज्यादा आरक्षण का लाभ मिलेगा ? क्योंकि बिहार सरकार की जाति जनगणना रिपोर्ट के मुताबिक ओबीसी जातियों की आबादी सबसे ज्यादा 63 प्रतिशत है। जबकि दलित यानी अनुसूचित जातियों की आबादी महज 19 फीसदी है। ऐसे में सवाल उठता है कि, क्या बिहार में ओबीसी जातियों को आरक्षण का लाभ सबसे ज्यादा मिलेगा ? दरसअल विपक्ष के कई नेता इस बात को कहते आए हैं कि, जिस जाति की जितनी हिस्सेदारी यानी जनसंख्या है। उस जाति को उतनी ही मात्रा में आरक्षण का लाभ भी मिलना चाहिए। ऐसे अब जबकि बिहार में ओबीसी जातियों की संख्या ज्यादा है तो क्या बिहार सरकार ओबीस के मौजूदा आरक्षण में वृद्धि करेगी। इसके अलावा बिहार सरकार अब उन अनारक्षित श्रेणी की सवर्ण जातियों मसलन ब्राहम्ण, भूमिहार और राजपूत जातियों को क्या कोई सुविधा नहीं देगी, क्योंकि उनकी जातियों की आबादी महज 15 फीसदी है। ऐसे में कहीं ना कहीं बिहार सरकार के इस जातिगत जनगणना को कराने के पीछे राजनीतिक लाभ-हानि का भी गणित दिखाई दे रहा है। दरअसल बिहार में जिस तरह से जातिगत जनगणना की गई है, उसमें पिछड़ी जातियों को ज्यादा लाभ देने की कोशिश होती हुई दिख रही है।

### बिहार की जातिगत जनगणना में मुस्लिम सवर्णों को क्यों शामिल नहीं किया गया ?

दरअसल बिहार सरकार की ओर से हाल ही में जारी की गई जातिगत जनगणना में ओबीसी जातियों की जनगणना में सभी समुदायों की पिछड़ी जातियों को समाहित किया गया है। लेकिन वहीं सवर्णों की जनगणना में सभी सभी समुदायों के सवर्णों को जाति जनगणना में शामिल नहीं किया गया है। गौरतलब हो कि बिहार में हुई जातिगत जनगणना में इस बार हिन्दू पिछड़ी जातियों के अलावा मुस्लिम धर्म की भी पिछड़ी जातियों को समाहित किया गया है। नतीजतन जिसके चलते पिछड़ों की आबादी का प्रतिशत बिहार में बहुत ज्यादा बढ़ गया है। जबकि सवर्णो यानी अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत आने वाली जातियों की जनगणना में मुस्लिम धर्म के सवर्णो को अनारक्षित श्रेणी की जातियों की गणना में नहीं शामिल किया गया है।

ऐसे में सवर्णो यानी अनारक्षित वर्ग की आबादी काफी ज्यादा कम हो गई है। इस लिहाज से कहीं ना कहीं यहा यह कहा जा सकता है कि, बिहार सरकार ने सवर्ण और पिछड़ों की आबादी में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है।

ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि, क्या बिहार सरकार पिछड़ी जातियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुचाने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा सवाल यह भी उठता है कि, क्या बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव आखिर क्यों जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी वाला बयान दे रहें हैं। क्या बिहार के इन दोनों नेताओं के बयानों से यह माना जाए कि, यह नेता बिहार में सवर्ण और पिछड़ा की राजनीति एक बार फिर से शुरू करना चाहतें हैं ?

### बिहार में 33 सालों से पिछड़ों की सरकार , फिर भी पिछड़े क्यों बनें रहें बेरोजगार ?

बिहार में यदि राजनीतिक इतिहास को खंगाला जाए तो देश की आजादी के बाद से बिहार में लगातार 33 सालों से पिछड़ों की ही सरकार बनती चल आ रही है। गौरतलब हो कि जहां पूर्व में 15 सालों तक राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव बिहार की मुख्यमंत्री पद पर काबिज रहें। वहीं दूसरी ओर उनके बाद जेडीयू के प्रमुख नेता नितिश कुमार भी तकरीबन बीते 18 सालों से मुख्यमंत्री पद पर काबिज होते चले आ रहें हैं। हालांकि बीच में दलित समुदाय से आने वाले जीतनराम मांझी भी बिहार के मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए थें। ऐसे में सवाल उठता है कि, यदि इतने ज्यादा वर्षो तक बिहार में पिछड़ें और दलित समाज से आने वाले मुख्यमंत्रियों का शासन होने के बावजूद भी बिहार में आजतक पिछड़ों और दलितों का विकास और उत्थान क्यों नहीं हो सका ?

### क्या किसी भी व्यक्ति को केवल एक ही बार मिलना चाहिए आरक्षण का लाभ ?

दरअसल बिहार में जातिगत जनगणना के बाद विपक्ष के नेताओं की ओर से जनगणना के रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण देने की मांग की जा रही है। ऐसे में सवाल भी उठना लाजिमी है कि आखिरकार आरक्षण देने का प्रावधान कैसा होना चाहिए ? क्योंकि अभी तक देश में जो आरक्षण देने का प्रावधान है उमसें कोई भी व्यक्ति अपनी जाति के आधार पर बार बार आरक्षण का लाभ लेता रहता है। ऐसे में आरक्षण का कहीं ना कहीं दुरूपयोग हो रहा है। इस लिहाज से आरक्षण देने की प्रक्रिया में कही ना कहीं आमुलचूल परिवर्तन करने की आवश्यक्ता है। दरसअल आरक्षण को यदि एक ही बार देने का प्रावधान बना दिया जाए, तो शायद इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सकता है।

ऐसे में बार बार आरक्षण देने की बजाय केवल एक ही बार आरक्षण देना काफी ज्यादा बेहतर साबित हो सकता है। हालांकि बिहार सरकार आरक्षण देने के लिए क्या कदम उठती है, यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है। लेकिन एक बात जो सबके पता है कि अब जाति के नाम पर राजनीति जरूर शुरू हो गई है।

## शार्ट न्यूज

### चोर समझकर दो युवकों का सिर मुड़वाया

**गोंडा।** गोंडा में ग्रामीणों ने चोरी का आरोप का लगाकर दो युवकों का सिर मुड़वा दिया। इसी बीच दोनों युवक उनसे हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाते रहे, लेकिन ग्रामीणा नहीं माने। दोनों युवकों को ग्रामीणों ने चारो तरफ से घेर लिया। इसके बाद नाई बुलाकर दोनों युवकों को गंजा करवा दिया गया। पूरा घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। दोनों युवक कोतवाली क्षेत्र के बनघुसरा गांव के रहने वाले हैं। 2 दिन पहले दोनों नगर कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर चकत्ता गांव की तरफ गए थे। लौटते समय माधवपुर चकत्ता गांव के पास एक मोबाइल की दुकान पर रुके। आरोप है कि इस दौरान दो युवकों से धोखाधड़ी करके अपने मोबाइल में 5 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए और भागने लगे। दुकानदार के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उन्होंने भाग रहे दोनों युवकों को चोर समझकर पकड़ लिया। उन्हें पीटा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों के सिर के आधे बाल मुड़वा दिए। इस दौरान गांव के लोग दोनों युवकों को घेर रहे। वहां मौजूद किसी शख्स से इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। जो अब वायरल हो रहा है।

### जिले की रैंकिंग में सुधार लाने पर जोर

अमेठी जिला। अमेठी डीएम राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूरा कर लें। अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार/योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण आदि देखी। पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना/वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना (भौतिक/वित्तीय), दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग की योजना, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना (अवस्थापना सुविधाएं), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

### दो ऑटो में जोरदार टक्कर, एक की मौत

**जालौन।** जालौन में मंगलवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। दो ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक ऑटो सड़क किनारे पलट गया, जिसमें एक वृद्ध की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गये। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना गोहन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामपुरा मार्ग की है। जहां मंगलवार को ग्राम गोरा चिरैया व रहावली के बीच तेज रफ्तार व विपरीत दिशा से आ रही दो टेंपो की आमने-सामने भीषण भिडंत हो गई, जिसमें शिवदास सिंह (75) पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम लिड़ऊपूरा थाना रामपुरा की मृत्यु हो गई। जबकि मुन्नेश (35) बाबू पुत्र शिवदयाल निवासी ऊमरी, अंजू (42) पत्नी अर्जुन सिंह एवं नरेंद्र (23) पुत्र अर्जुन ग्राम जगम्मनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गोहन थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें गम्भीर हालत में जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि मृतक शिवदास सिंह अपनी पत्नी के साथ ग्राम लिडऊपूरा में रहते हैं, उनके दो पुत्र अपनी-अपनी ससुराल में रह रहे हैं।

### बदायूं में वाहन ने युवक को रौंदा, मौत

**बदायूं।** बदायूं में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक कासगंज से वापस घर लौट रहा था लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं परिवार वालों की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की तहरीर पुलिस को दी गई है। हादसा कादरचौक थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव के पास हुआ। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के पटेल नगर गली नंबर दो के रहने वाले 32 वर्षीय शिवसागर प्रकाश अपने भाई को शिवलेंद्र को बाइक से कासगंज छोड़ने गया था। शिवलेंद्र कासगंज की केनरा बैंक में फील्ड आफिसर के पद पर कार्यरत हैं। वहां से लौटते वक्त रास्ते में इस्माइलपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कादरचौक से एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक इलाज किया गया, जबकि हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर किया। परिवार वाले भी हादसे की खबर पर अस्पताल जा पहुंचे।

### बाइक और भैंस के साथ दो अरेस्ट

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने चोरी की भैंस और बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित जयराज यादव ने थाना सरायमीर में 23 सितंबर को इस मामले की शिकायत दर्ज कराई की रात को अज्ञात वाहन से घर से भैंसों की चोरी कर लिया गया। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। इसी बीच पुलिस के पास नौ अगस्त को बाइक चोरी की थी शिकायत मिली। पुलिस इन दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश में जुट गई। इसी क्रम में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया, पुलिस घटना में शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की शिव मंदिर के पास सुतरीगंज पर आरोपी मौजूद हैं। इसके साथ ही कहीं भागने के प्रयास में जुटे हैं। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रिंस कुमार को हिरासत में लिया।

### आजमगढ़ में गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने गैंगरेप के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 13 अक्टूबर को पवई थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अभियुक्त जयहिंद और जगदीश ने पीड़ित की नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। जब पीड़ित ने आरोपियों के घरवालों से पूछा तो आरोपी के घरवालों ने गाली-गलौच करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। इसी के तहत पीड़िता को बरामद किया गया। बरामद पीड़िता का मेडिकल कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि होते ही पाक्सो एक्ट और रेप की धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई। इसी क्रम में आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

### रेप करने वाले को 10 साल करावास

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद जनपद की विशेष पॉक्सो अदालत ने युवती को बहलाफुसला कर ले जाने और नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने के साथ धर्म परिवर्तन के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड का भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जिले के कोतवाली दक्षिण में चार मार्च 2021 को एक एफआईआर दर्ज हुई थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक अभियुक्त शहीद उर्फ सईद निवासी जगदंबा ग्लास नई बस्ती थाना दक्षिण जो एक युवती को उस वक्त बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था जब वह बिजली का बिल जमा करने गई थी।कुछ दिन बाद जब युवती बरामद हुई तो पुलिस ने उसका न्यायालय में बयान दर्ज कराया। अपने बयान में युवती ने बताया कि आरोपी सईद ने उसे एक स्थान पर रखा जहां उसे कोई नशीला पदार्थ खिलाया और फिर जब वह बेहोश हो गई तो उसके साथ दुष्कर्म किया।

# महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता करेंगे निजी एजेंसियों के सुरक्षा कर्मी

## सेफ सिटी परियोजना के तहत योगी सरकार ने 771 कर्मियों को किया प्रशिक्षित

लखनऊ। प्रदेश में नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर संकल्पित योगी सरकार ने मिशन शक्ति के चौथे चरण के साथ इस दिशा में और मजबूती से कदम उठाए हैं। इसी क्रम में सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिला-बेटियों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। ऐसे में जहां एक ओर इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं इन कैमरों को यूपी-112 से इंटीग्रेट करने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। इन शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों और



इंस्टीट्यूशन की संख्या को देखकर निजी सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षत किया गया है।

### निजी सुरक्षा एजेंसी के 771 कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

योगी सरकार ने सेफ सिटी परियोजना में प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में रजिस्टर्ड निजी सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका को अहम माना है। इस पर इन शहरों में रजिस्टर्ड निजी सुरक्षा एजेंसियों को चिह्नित किया गया है। निजी सुरक्षा एजेंसियों के मामले में गाजियाबाद पहले, कानपुर दूसरे, मेरठ तीसरे, गौतमबुद्धनगर चौथे और बरेली पांचवें स्थान पर है। बता दें कि इन शहरों में औद्योगिक प्रतिष्ठानों और कॉर्पोरेट सेक्टर के दफ्तरों की बढ़ती संख्या की वजह से इजाफा हो रहा है, इसीलिए इनका सेफ सिटी परियोजना में भी उपयोग किया जाएगा। इसके लिए एजेंसियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर उनकी सहभागिता और सक्रियता को बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में 712 निजी सुरक्षा एजेंसियां रजिस्टर्ड हैं। बीते तीन माह में 48 गोष्ठियों में 124 एजेंसियों के 771 कर्मियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 12 कर्मियों को अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया गया।

एजेंसियों के कर्मचारी इन शहर के हॉट स्पॉट पर नजर रखेंगे। वह शहर की कॉलोनियों, मोहल्लों और हाउसिंग सोसाइटी के आसपास के अंधेरे इलाकों में महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की त्वरित सूचना तत्काल पुलिस को देंगे।

# रामपुर में दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम की रिवीजन निरस्त

**रामपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम से संबंधित दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम पक्ष को झटका लगा है। आजम पक्ष की ओर से दाखिल रिवीजन को अदालत ने कैंसिल कर दिया गया है। अब इस मामले में कल फैसला आने की प्रबल संभावना है।
आजम खान पक्ष द्वारा अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में बचाव पक्ष ने अधिक समय मांगते हुए ज़िला जज की अदालत में रिवीजन दाखिल किया था, जिसे एमपी एमएलए विशेष अदालत, एडीजे फर्स्ट कोर्ट को सुनवाई के लिए भेज था। एमपी- एमएलए विशेष जज एडीजे प्रथम विनोद कुमार बरनवाल ने इस रिवीज़न निरस्त कर दिया।
अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र का मामला जिले की एमपी एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट ट्रायल शोभित बंसल की अदालत में चल रहा है, जिसमें



अदालत में बचाव पक्ष को बहस के लिए अंतिम अवसर देते हुए 16 अक्टूबर की तारीख दी थी।
आज भी जब बचाव पक्ष ने ना तो बहस की और ना ही लिखित में कोई बहस दाखिल की, बल्कि इसको लेकर जिला जज की अदालत में आजम खान की तरफ से रिवीजन दायर किया गया था। यह रिवीजन निरस्त होने के बाद अब शोभित बंसल की अदालत से बुधवार को इस मामले में निर्णय आना लगभग तय माना जा रहा है।

# सड़क किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव

बिजनौर। बिजनौर स्योहारा इलाके के नूरपुर रोड पर सड़क किनारे गड्ढे में एक युवक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर उसकी पहचान कराई और शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।
पूरा मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र का है जंहा मंगलवार सुबह गांव हरौली के बस स्टैंड के पास कुछ ग्रामीणों ने सड़क किनारे गड्ढे में एक युवक का शव पड़ा देखा। ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अरुण उर्फ जीतू पुत्र हुकुम सिंह निवासी गांव बुढ़नपुर थाना स्योहरा के रूप में हुई है।
मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि अरुण सोमवार सुबह बाइक द्वारा चारा लेने के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद फिर नहीं लौटा। परिवार वाले उसकी तलाश भी कर रहे थे लेकिन उसका कहीं पता नही लग सका। सूचना पर सीओ धामपुर भारत सोनकर और स्योहारा थानाध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी भी पहुंचे।

### पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव

पुलिस ने बताया कि जहां शव मिला है उससे कुछ दूरी पर बाइक भी क्षतिग्रस्त मिली है, शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि सोमवार को आई तेज आंधी और बारिश के दौरान हो सकता है युवक की किसी वाहन से टक्कर हो गई हो। वह सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा हो, जिससे उसकी मौत हो गई। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता लगेगा।

# आईएएस की तैयारी करने वाले युवक की हत्या

आजमगढ़/देवरिया। देवरिया का रहने वाला 25 साल का दुर्गेश कुमार मिश्र प्रयागराज में रहकर ह्वस की तैयारी कर रहा था। नवरात्रि मनाने के लिए शुक्रवार को वह अपने कपूरीपार गांव कार से लौट रहा था। रास्ते में उससे बड़ी चूक हो गई कि उसने बिना जाने-समझे कुछ युवकों को लिफ्ट दे दी। उन युवकों ने पहले तो दुर्गेश के पास मौजूद सामान लूट लिया, फिर उसकी हत्या कर सड़क के किनारे झाड़ी में फेंक दिया। इसके बाद दुर्गेश की गाड़ी को लेकर भाग गए। आजमगढ़ की अहिरौली थाना पुलिस को जब झाड़ियों में लाश पड़ी होने की सूचना मिली, तो वह तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक के गले और चेहरे पर चोट के कई निशान मिले। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद सोमवार को लाश की शिनाख्त दुर्गेश के रूप में हुई।

# पूर्वांचल विवि में फर्जी डिग्री बेचने वाले तीन कर्मचारियों पर एफआईआर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की फर्जी डिग्री बनाकर बेचने के आरोप में विश्वविद्यालय के तीन कर्मचारियों पर सरायख्वाजा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह की तहरीर पर तीनों कर्मचारियों को नामजद करते हुए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों पर 40 से 50 हजार रुपये में फर्जी डिग्री बनाने व बेचने का आरोप है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर मामले की जांच के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने सोमवार को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। ये प्रकरण करीब दो सप्ताह पहले स्पीड पोस्ट से विश्वविद्यालय प्रशासन को मिले दो शिकायती पत्रों से जुड़ा बताया गया है। दोनों ही पत्रों में कुलपति के फर्जी हस्ताक्षर कर बी-




फार्मा व बीएड की फर्जी डिग्री तैयार कर बेचने का आरोप है।

एक पत्र में छपरा बिहार निवासी विष्णु प्रसाद चौबे तथा दूसरे पत्र भोजपुर आरा बिहार निवासी रविकांत तिवारी ने प्रमाण के तौर पर फर्जी डिग्री को भी पत्र में संलग्न किया था। दोनों ने ही विश्वविद्यालय के दो कर्मचारियों का नाम लेते हुए उन पर 50 एवं 40 हजार रुपये में डिग्री बेचने का आरोप लगाया। पत्र में तीसरे कर्मचारी का नाम डिग्री बेचने के मामले में मध्यस्थ के रूप में लिया गया था।

पत्र मिलने के बाद से विश्वविद्यालय ने अपने स्तर पर छानबीन की और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए कल सोमवार को तीनों आरोपी कर्मचारी कर्मचारी संतोष तिवारी, अनिल सिंह (निगोह) व स्वामीनाथ मिश्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सरायख्वाजा प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह की तहरीर पर तीन कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह के अनुसार डिग्री बेचने की शिकायत मिलने पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

विश्वविद्यालय स्तर से मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई है। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन तीनों कर्मचारियों के खिलाफ राजभवन के निर्देश पर कार्रवाई करेगा।

# एसएसबी के जवानों ने 1200 किला स्क्रैप पकड़ा

## नेपाल से भारत ला रहे थे, जवानों को देख ठेला छोड़ नेपाल की तरफ भागे, 1 गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी धनगढ़वा के जवानों ने गस्ती के दौरान 1200 किलो स्क्रैप के साथ एक तस्कर को पकड़ा। इसके बाद जवानों द्वारा 900 किलो स्क्रैप (पुराना अल्म्युनियम, लोहा, स्टील का कबाड़) तथा 300 किलो वियर की खाली कैन और 3 साइकल ठेला को जब्त कर तस्कर सहित सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया गया है। कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक जुगल सैकिया के नेतृत्व में आरक्षी बृज भवन और आरक्षी नितीश कुमार के साथ गस्ती दल सीमा स्तम्भ



संख्या 547 के लिए रवाना हुए। सीमा स्तम्भ संख्या 547 के समीप पहुंचने पर गस्ती दल द्वारा देखा गया कि तीन व्यक्ति साइकल ठेला पर बोरी लादे नेपाल से रामनगर (भारत) की तरफ आ रहे हैं। भारतीय सीमा में प्रवेश करते ही जवानों ने उन व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया तो वे लोग ठेला छोड़ नेपाल की तरफ वापस भागने लगे। गस्ती दल द्वारा उनका पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया और अन्य दो नेपाल सीमा नजदीक होने के कारण नेपाल में भाग गए। गस्ती दल द्वारा ठेलों पर लदे बोरियों की तलाशी ली गई जिसमें 21 बोरी में 900 किलो स्क्रैप (पुराना अल्म्युनियम, लोहा और स्टील का कबाड़) और 9 बॉक्स में 300 किलो वियर की खाली कैन बरामद हुआ।

### लगातार चल रही है कार्रवाई

पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना नाम गणेश प्रसाद यादव (31) जिला महाराजगंज यूपी बताया तथा इन स्क्रेप को भारत में बेचने के लिए लेकर आ रहा था। इसके बाद जवानों द्वारा 900 किलो स्क्रेप (पुराना अल्म्युनियम, लोहा, स्टील का कबाड़) तथा 300 किलो वियर की खाली कैन और 3 साइकल ठेला को जब्त कर तस्कर सहित सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया गया। कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका, पेट्रोलिंग के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है एवं अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान को जब्त किया जा रहा है।

# शामली में तेज रफ्तार कार ने 5 को रौंदा, एक की मौत

**शामली।** शामली में शटरिंग का सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली का पहिया निकल गया। इसके बाद ट्राली पलट गई।
इस हादसे के बाद कुछ लोग पुल से ट्राली को हटाने लगे। तभी तेज रफ्तार कार ने 5 लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए।

पूरा मामला झिंझाना थाना क्षेत्र के बिडॉली पुल का है। यहां शटरिंग के सामान से लोड ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर बीच पुल पर पलट गई। इसकी वजह से पुल पर जाम लग गया। उधर ट्रैक्टर चालक ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर ट्रॉली में रस्सा डालकर ट्रॉली को खींचना शुरू किया। तभीअचानक पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें रस्सा खींच रहे मजदूर तेज रफ्तार कर की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

चीख-पुकार होने पर मौके पर मौजूद राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंची। यहां एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायलों को उपचार देने के बाद गंभीर हालत मे चिकित्सकों द्वारा हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में चली गोली, 3 लोग घायल

## एसपी ने थानाध्यक्ष को किया लाईन हाजिर

जौनपुर। जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को गोलियों की तड़तड़ाहट गूंज से हड़कंप मच गया। गोलीकांड की घटना में 3 व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल इलाज के भेजते हुए पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है।
वहीं पर घटना के लिए पुलिस की लापरवाही मानते हुए पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को लाईन हाजिर कर दिया। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में भी हड़कंप की स्थित है।
बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में अन्य प्रकार के धारदार हथियार का भी प्रयोग किया गया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना बदलापुर अंतर्गत ग्राम ढेमा में दो पक्षों में आबादी की जमीन को लेकर मारपीट हो गई। घटना में एक व्यक्ति को पैर में गोली लगी है। वहीं दो घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पांच अलग-अलग टीम लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी।
वहीं बदलापुर थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी व हल्का प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई है। क्षेत्राधिकारी बदलापुर को मौके पर कैंप करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### शिथिलता बरतने के थानेदार पर आरोप

जानकारी के अनुसार बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जयनाथ यादव और रामधारी यादव आपस में चाचा भतीजे है। इन दोनों के बीच काफी दिनों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आज इसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, दोनों तरफ से लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे। आरोप है कि इसी बीच जयनाथ यादव के पुत्र लाल साहब यादव अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल लिया।

# देवरानी ने जेठानी पर डाला तेजाब

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के सासनीगेट थाना क्षेत्र मकान के बंटवारे को लेकर देवरानी जेठानी के बीच में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद आरोप है कि देवरानी ने जेठानी को जान से मारने के इरादे से उसके ऊपर तेजाब डाल दिया। तेजाब ऊपर गिरने के कारण जेठानी की चीख निकल गई और वह घायल होकर चिल्लाने लगी। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। सराय सुल्तानी निवासी इमरान पुत्र अहमद हुसैन ने बताया कि मकान के बंटवारे को लेकर उसके घर में विवाद चल रहा है। जिसके बाद उसके छोटे भाई फुरकान की पत्नी गुलफशाह और उनकी पत्नी अमरीन के बीच इसी बात को लेकर रात में विवाद हो गया था। जिसके बाद छोटे भाई की पत्नी मारपीट पर उतारू हो गई। उसका गुस्सा इतना ज्यादा बढ़ गया कि वह घर के अंदर से तेजाब निकाल लाई और उसकी पत्नी अमरीन के ऊपर डाल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई।

# गोंडा में मनरेगा घोटाले में 5 पर एफआईआर

## प्रधान, वीडीओ समेत 5 पर डीएम के आदेश पर मुकदमा, जांच में गबन की पुष्टि हुई

गोंडा। गोंडा जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 में झंझरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुन्दुरखी में हुए मनरेगा घोटाले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर ग्राम पंचायत कुन्दुरखी के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

ग्राम प्रधान रेखा देवी, ग्राम विकास अधिकारी प्रसून श्रीवास्तव, ग्राम रोजगार सेवक किशोरी लाल, तत्कालीन तकनीकी सहायक प्रदीप कुमार और तत्कालीन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शामिल हैं। जांच में शासकीय धनराशि के दुर्विनियोग और गबन के आरोपों की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। वर्ष 2022-23 में विकासखण्ड झंझरी की कुन्दुरखी में वित्तीय मनरोगा योजनान्तर्गत पुलिस चौकी कहोबा से शोभा राम के खेत तक नाले की मिट्टी खुदाई कार्य कराया गया।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संबंधित कार्य में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच की प्रक्रिया शुरू की संबंधित प्रकरण में जिला विकास अधिकारी गोण्डा, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियन्ता विभाग एवं अधिशाषी अभियन्ता सरयू



नहर खण्ड-4 की समिति गठित की गई। इस समिति की संयुक्त जांच आख्या 13 अक्टूबर 2023 को सामने आई। जांच रिपार्ट के अनुसार प्रस्तावित कार्य की प्राक्कलन लागत 18.35 लाख रुपए है इसके सापेक्ष पत्रावली के अनुसार कुल धनराशि 17.31 लाख रुपए का व्यय श्रमिकों को किये जाने हेतु मस्टर रोल निर्गत किया गया।

### मौके पर कम मिला काम

वहीं, एमआईएस रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना पर 16.75 लाख रुपये व्यय मजदूरी के रूप में किया गया और सामग्री मद में भुगतान शून्य है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार परियोजना स्थल पर कुल धनराशि 8,69,441 रुपये का कार्य पाया गया। इस प्रकार भुगतान की गई धनराशि के सापेक्ष कार्य पर कुल 8,06,392 रुपये का अधिक भुगतान किया गया और मौके पर कार्य कम पाया गया।

### भ्रष्टाचार करने वालों पर होगी कार्रवाई

जांच में खुलासे के बाद डीएम नेहा शर्मा के आदेश पर परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण चन्द्रशेखर द्वारा कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने साफ किया है कि भ्रष्टाचार को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। प्रदेश सरकार को भ्रष्ट के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है जनपद में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### पीडब्ल्यू आईओआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट शुरू

नयी दिल्ली। एड टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यू इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन (पीडब्ल्यू-आईओआई) के माध्यम से अपने शैक्षिक पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। संस्थान ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ऑफ टेक्नोलॉजी (एसओटी) की सफलता के बाद, पीडब्ल्यू-आईओआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एसओएम) का शुरू किया गया है। यह तीन साल का आवासीय यूजी कोर्स है, जिसका उद्देश्य प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के तहत व्यापार और उद्यमिता के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। एसओएम बिजनेस, उद्यमिता और प्रौद्योगिकी प्रबंधन के गतिशील क्षेत्र में दक्षता पाने के इच्छुक लोगों के लिए तैयार एक विस्तृत कोर्स है। यहां अनुभवी शिक्षकों और सलाहकारों की फैकल्टी है, जो शीर्ष कंपनियों में इंडस्ट्री लीडर्स हैं। साथ ही उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम, 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का अवसर और वास्तविक परियोजनाओं से व्यावहारिक जुड़ाव की मदद से, छात्र सफल व्यावसायिक यात्रा पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह कोर्स वास्तविक जीवन की चुनौतियों, और नए प्रयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे छात्र स्टार्टअप शुरू करने और उद्योग की चुनौतियों को हल करने, विचारों को मूर्त रूप देने और जानकारी का सही इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं।

### अजमेरा रियल्टी को मुंबई में आवासीय परियोजना के पुनर्विकास का ठेका

मुंबई। शेयर बाजार में सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसे मुंबई के वर्सोवा इलाके में एक पुरानी सहकारी आवास समिति के पुनर्विकास का ठेका मिला है। कंपनी की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि बालकृष्ण सहकारी हाउसिंग सोसाइटी के पुनर्विकास की इस परियोजना से उसे 360 करोड़ रुपये की बिक्री की उम्मीद है। कंपनी का कहना है कि उस इलाके में मकानों की मांग अच्छी है। संबंधित परियोजना क्षेत्र वर्सोवा मेट्रो स्टेशन के बिल्कुल पास में है। कंपनी का अनुमान है कि वह उस जगह तीन बीएचके के फ्लैट का निर्माण करेगी जिनका कुल मिला कर कार्पेट क्षेत्र 90,700 वर्ग फुट होगा। एआरआईआईएल के निदेशक धवल अजमेरा ने कहा, मुंबई महानगर क्षेत्र में पुरानी हाउसिंग सोसायटियों को आधुनिक आवासीय परिसंपत्ति वर्गों में पुनर्विकास और पुन-उपयोग करने की योजनाओं में घर खरीदारों के पुनर्निर्धारित हित द्वारा समर्थित नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं।

### एक्सपीरियन डेवलपर्स की द डिवाइन नाइन की पेशकश

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स ने 'द डिवाइन नाइन' नवरात्रि ऑफर की घोषणा की है, जो उन घर खरीददारों के लिए एक सीमित समय तक उपलब्ध है जहां 60 लाख रुपये से अधिक के लाभ का वादा किया गया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस ऑफर के तहत 31 अक्टूबर एक ?सपीरियन की अलग-अलग प्रॉपर्टीज़ के पोर्टपोलियो में कई लाभ मिलेंगे। सेक्टर 112, गुरूग्राम में स्थित विंडचैंट्स में 2 मास्टर बेडरूम के साथ ड्युप्लेक्स विलामेंट की ऑन-द-स्पॉट बुकिंग करने पर 59.99 लाख रूपए की छूट के लाभ के साथ ही उन्हें 9.99 लाख रूपए मूल्य के होम अप्लायंस मिलेंगे। 'अपार्टमेंट' और 'पेंटहाउस' खरीदने वालों को प्रत्येक बुकिंग के साथ 10 ग्राम का गोल्ड कॉइन दिया जायेगा। वेस्टर्लीज़ प्लॉट्स के लिए ऑफर है। लखनऊ स्थित एक्सपीरियो में हाइ स्ट्रीट ऑफिस या रिटेल स्पेस की प्रत्येक खरीदारी पर खरीदारों को 10 ग्राम तक का गोल्ड कॉइन मिलेगा। नवरात्रि के दौरान एक्सपीरियन डेवलपर्स सभी संभावित खरीदारों को आमंत्रित करता है ताकि वे लक्ज़री की दुनिया और निवेश मूल्य की खोज कर सकें जो इससे पहले आपने नहीं देखा होगा।

### फर्जी पासपोर्ट केस में बंगाल-सिक्किम से चार बिचौलिए गिरफ्तार

नई दिल्ली । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चार ऐसे बिचौलियों को गिरफ्तार किया है, जो पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों से जुड़े एक रैकेट का हिस्सा थे। इस रैकेट ने कथित तौर पर जाली दस्तावेजों के आधार पर नेपाली नागरिकों को साठ से अधिक भारतीय पासपोर्ट जारी किए थे। इससे 46 लाख रुपये से अधिक नकद जब्त किए गए थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में रैकेट में नेपाली कनेक्शन का पता चला है। सीबीआई ने इस मामले में सचिन राय, बरुण सिंह राठौड़, उदय शंकर रॉय और सुब्रत साहा को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने गंगटोक के पासपोर्ट लघु सेवा केंद्र (पीएलएसके) में वरिष्ठ अधीक्षक के पद पर तैनात गौतम कुमार साहा और एजेंट दीपू छेत्री को शनिवार को सिलिगुड़ी के एक होटल से गिरफ्तार किया था। एजेंट दीपू छेत्री पासपोर्ट जारी करने के लिए कथित तौर पर 1.9 लाख रुपये की रिश्वत दे रहा था। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान सीबीआई ने 46 लाख रुपये से अधिक की नकदी और भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए इस्तेमाल किए गए जाली दस्तावेजों का जखीरा जब्त किया। सभी आरोपियों को 20 अक्तूबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि राय और राठौड़ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्र जैसे भारतीय पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल करके नेपाली नागरिकों की ओर से पासपोर्ट के लिए आवेदन करते थे।

### टीसीएस ने वर्क फ्रॉम होम खत्म किया

नई दिल्ली। भारतीय आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कर्मचारियों को कार्यालय से काम शुरू करने के लिए कहा है। कर्मचारियों को भेजे गए एक ईमेल में, कंपनी ने कर्मचारियों को दफ्तर आने के दौरान ड्रेस कोड का ध्यान रखने के लिए कहा है। मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मिलिंद कक्कड़ द्वारा भेजे गए एक ईमेल ने कर्मचारियों को उचित ड्रेस कोड का पालन करने का महत्व याद दिलाया गया है। ईमेल में कहा गया है, यह वैश्विक स्तर पर हितधारकों के साथ सही प्रभाव पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण है। ड्रेस कोड नीति आधिकारिक जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को पूरा करते समय सही पोशाक पर स्पष्ट मार्गदर्शन देती है। सीएचआरओ ने नोट लिखा है कि पिछले दो वर्षों में कई कर्मचारी कंपनी में शामिल हुए हैं और अब तक दूरस्थ रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों को टीसीएस के तरीके से एकीकृत किया जाना है। मेल में कंपनी की ड्रेस कोड पॉलिसी को भी हाइलाइट किया गया है। इसमें कहा गया है कि एसोसिएट्स से बिजनेस कैजुअल पहनने की उम्मीद की जाती है। पुरुषों को पतलून के साथ पूरी बाजू की शर्ट और महिलाओं को बिजनेस ड्रेस बहना चाहिए। यह सोमवार से गुरुवार तक की पोशाक है। कंपनी स्मार्ट कैज़ुअल की अनुमति देती है, जिसमें आधी बाजू की शर्ट, टर्टलनेक, खाकी, चिनोस और कुर्ती और सलवार (महिला) आदि शामिल हैं।

### एयर एशिया के सीईओ ने दफ्तर में मीटिंग के दौरान कराया शर्टलेस मसाज

नई दिल्ली। एयर एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टोनी फर्नांडीस ने नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर मसाज कराते हुए अपनी तस्वीर साझा कर लोगों के निशाने पर आ गए हैं। टोनी ने अपनी कंपनी की कार्य संस्कृति की सराहना करते हुए यह तस्वीर साझा की थी। उन्होंने कहा था कि उनके यहां की कार्य संस्कृति उन्हें एक साथ मालिश कराने और प्रबंधन बैठक में भाग लेने की अनुमति देती है। तस्वीर में वह कॉन्फ्रेंस रूम में शर्टलेस बैठे नजर आ रहे हैं और मसाज करा रहे हैं। हालांकि, इस पोस्ट के बाद इंटरनेट पर बहुत से लोगों ने उनकी आलोचना शुरू कर दी है। कई लोगों ने उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि यह अनुचित है। फर्नांडीस ने कैप्शन में लिखा, एक तनावपूर्ण सप्ताह था और वेरानिटा योसेफिन ने मालिश का सुझाव दिया। मुझे इंडोनेशिया और एयर एशिया की संस्कृति से प्यार है कि मैं मालिश कर सकता हूं और प्रबंधन बैठक कर सकता हूं। प्लेटफॉर्म पर साझा किए जाने के बाद से, पोस्ट को कई लाइक्स और टिप्पणियां मिली हैं। एक यूजर ने प्रतिक्रिया दी, एक बड़ा आदमी, जो सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी का मुख्य कार्यकारी है, मालिश करते समय अपनी शर्ट उतारकर प्रबंधन बैठक करता है। ऐसे मुख्य कार्यकारी अधिकारी को हटा दें क्योंकि ऐसा व्यवहार अनुचित है।

# शक्कर मजबूत, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन- दाल मजबूत, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग से मजबूती दर्ज की गई।

खाद्य तेलों में नरमी रही। सोयाबीन रिफाइंड नीचा होकर बिका। तिलहनों में खरीदी बताई गई।

मंडी में दलहन एवं दाल मजबूती लिए रहे। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।

#### किराना बाजार

शक्कर लिवाली से मजबूत रही। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई।

हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से बढ़त लिए रहा। साबूदाना में पूछपरख रही।

मांग कमी के चलते खाद्य तेल नरमी लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड नीचा होकर बिका। तिलहनों में उठाव रहा।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज दलहनों ? में उठाव रहा। दाल में खरीदी बढ़ी रही इससे भाव ऊंचे बोले गए। चावल सामान्य वत बना रहा।

#### किराना

शक्कर 4000 से 4040 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 100 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3550 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम।



साबूदाना 7000 से 7800, पैकिंग में 8200 से 8300 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6200 से 6300, सोयाबीन 3500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल इंदौर 1560 से 1580, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 900 से 905, साल्वेंट 855 से 860, पाम तेल 885 से 890 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

चना (कांटा) 6300 से 6400, चना विशाल 6000 से 6100, मसूर 6250 से 6300, तुअर निमाड़ी 9500 से 11700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11800 से 12000, तुअर (कर्नाटक) 12100 से 12300, मूंग 8800 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9000, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 8150 से 8650, तुअर दाल सवा नंबर 14600 से 14600, तुअर दाल फूल 15000 से 15200, तुअर दाल बोल्ड 16100 से 16600, आयातित तुअर दाल 13600 से 13700, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10600 से 10900, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 10500 से 10800, उड़द मोगर 11000 से 11400 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### रवा-मैदा

रवा 1670 से 1680, मैदा 1580 से 1590, आटा 1550 से 1560, चना बेसन 4100 से 4125 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# गिरावट से उबरा शेयर बाजार

मुंबई । विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले तीन दिन की गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 262.16 अंक की छलांग लगाकर 66428.09 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 79.75 अंक उछलकर 19811.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत की तेजी लेकर 32,514.28 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत चढ़कर 38,585.62 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3825 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2184 में लिवाली जबकि 1506 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां तेजी जबकि शेष 12 गिरावट पर रही।



बीएसई में कैपिटल गुड्स की 0.11 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.19, ऊर्जा 0.94, एफएमसीजी 0.56, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.25, इंडस्ट्रियल्स 0.37, आईटी 0.28, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.21, ऑटो 0.03, बैंकिंग 0.48, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.08, धातु 0.60, तेल एवं गैस 0.80, पावर 0.98, टेक 0.30 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जापान का निक्केई 1.20, हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.32 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.04 प्रतिशत उतर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 391 अंक की तेजी के साथ 66,558.15 अंक पर खुला और थोड़ी देर बाद ही 66,559.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंतिम चरण में हुई बिकवाली के दबाव में यह 66,309.18 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 66,166.93 अंक की तुलना में 0.39 प्रतिशत चढ़कर 66,428.09 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह निफ्टी भी 111 अंक की छलांग लगाकर19,843.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,849.75 अंक के उच्चतम जबकि 19,775.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,731.75 अंक के मुकाबले 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 19,811.50 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 1.97, टेक महिंद्रा 1.17, एनटीपीसी 1.03, भारती एयरटेल 0.94, एचडीएफसी बैंक 0.77, इंफोसिस 0.58, रिलायंस 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.46, टाटा स्टील 0.28, विप्रो 0.28, एसबीआई 0.12 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

# द हेजलनट फैक्टरी का दिल्ली में विस्तार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कैफे का रिटेल नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी द हेजलनट फैक्टरी ने राजधानी दिल्ली में अपना विस्तार करते हुये पहला स्टोर शुरू किया है। कुल मिलाकर कंपनी का यह आठवां आउटलेट है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि नवाबों के शहर लखनऊ से प्रसिद्ध कैफे दिल्ली में अपना पहला आउटलेट शुरू किया है।

द हेज़लनट फैक्ट्री को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े बेकरी किचन के रूप में जाना जाता है। दिल्ली वासियों द्वारा मिलने वाले ऑनलाइन ऑर्डर्स की बढ़ती संख्या को मद्देनजर रखते हुए कंपनी ने दिल्ली में अपना आउटलेट खोलने का निर्णय लिया।

कंपनी के संस्थापक अंकित साहनी ने कहा, हम हेज़लनट फैक्ट्री को दिल्ली में लाकर रोमांचित हैं। शहर की जीवंत और तेज़ गति वाली जीवनशैली हमारी कंपनी के मिशन से पूरी तरह मेल खाती है। दिल्लीवासी अच्छे भोजन के प्रति अपने प्रेम के लिए जाने जाते हैं, और वे हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वादों और पाक उत्कृष्टता के मिश्रण की सराहना करते हैं। चाहे वह चलते-फिरते पेशेवर हों जो त्वरित लेकिन स्वादिष्ट भोजन चाहते हों या परिवार जो यादगार भोजन अनुभव की तलाश में हों, द हेज़लनट फैक्ट्री दिल्ली की विविध भोजन संस्कृति में सहजता से फिट बैठती है। हम उन लोगों को अपनी असाधारण पाक कृतियों की पेशकश करने के लिए उत्सुक हैं जो इस शहर को अपना घर कहते हैं।

उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली एनसीआर में विस्तार की योजना बनायी गयी है और अगले दो वर्षों में स्टोर की कुल संख्या 25 तक पहुंचाने की योजना बनायी गयी है।

# हार्ले डेविडसन एक्स 440 की बुकिंग शुरू

**नयी दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने हार्ले डेविडसन एक्स 440 मोटरयसाइकिल की दोबारा बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पहले बुक कराये गये हार्ले डेविडसन एक्स 440 की डिलीवरी शुरू होने के बाद दोबारा बुकिंग शुरू की गयी है। उसने कहा कि त्योहार की खुशियों को और बढ़ाते हुए 15 अक्टूबर से हार्ले-डेविडसन एक्स440 की डिलीवरी शुरू कर दी है। हार्ले-डेविडसन एक्स 440 मोटरसाइकिल की मेगा डिलिवरी 100 डीलरशिप से संचालित की गई। इसमें देश के अलग-अलग भागों में हार्ले-डेविडसन और हीरो मोटोकॉर्प के चुनिंदा आउटलेट्स शामिल हैं।



राजस्थान के नीमराणा में हीरो मोटोकॉर्प की फैक्ट्री -गार्डन फैक्ट्री में हार्ले-डेविडसन एक्स440 का निर्माण किया जा रहा है। जुलाई 2023 में अपने लॉन्च के बाद से, हार्ले-डेविडसन एक्स440 ने भारत में प्रीमियम सेग्मेंट के उपभोक्ताओं को अपनी ओर आकर्षित किया है। अपने प्रदर्शन के महज एक महीने के भीतर इस मोटरसाइकिल की 25 हजार से ज्यादा बुकिंग कराई गई। यह मोटरसाइकिल तीन वैरिएंट्स, डेनिम, विविड और एस में उपलब्ध है।

### एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 51 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त की दूसरी तिमाही में 16811 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 11162 करोड़ रुपये की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी बयान में कहा कि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में उसका सकल शुद्ध राजस्व 114.8 प्रतिशत बढ़कर 66,317 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में 30,871 करोड़ रुपये रहा था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय 30.3 प्रतिशत बढ़कर 27,385 करोड़ रुपये हो गई, जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में 21,021 करोड़ रुपये थी। एचडीएफसी के एचडीएफसी बैंक में विलय के बाद यह पहला वित्तीय परिणाम है।

# एमवे इंडिया ने लांच किया प्लसलाइफ

नयी दिल्ली। एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे इंडिया ने एक नए मल्टीविटामिन और मल्टीमिनरल हेल्थ सप्लीमेंट प्लसलाइफ के तहत न्यूट्रीलाइट डेली प्लस को लॉन्च किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह फॉर्मूलेशन 24 आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर है तथा प्लांट कंसंट्रेट्स की मात्रा इसमें दुगनी है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस एमवे पोर्टफोलियो का पहला उत्पाद है, जिसमें डुअल लेयर डुअल रिलीज फॉर्मूलेशन का नया आविष्कार है। आज उन उपभोक्ताओं के बीच समग्र कल्याण की भावना बढ़ रही है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत हैं। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस में गोटूकोला नामक एक प्रमुख घटक भी शामिल है, जो तनाव को कम करने वाले अपने विशिष्ट गुणों के लिए जाना जाता है।

एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, मिंटेल के एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 75त्न भारतीयों का मानना है कि नियमित रूप से विटामिन्स, मिनरल्स और सप्लीमेंट्स का सेवन करने से उन्हें समग्र स्वास्थ्य तथा कल्याण प्राप्त करने में मदद मिलती है। 74 प्रतिशत भारतीय रोजमर्रा की व्यस्त जीवनशैली, काम के दबाव और सीमित शारीरिक गतिविधि के कारण तनाव से पीड़ित हैं।

इसलिए पोषण की शक्ति के साथ तनाव प्रबंधन को लेकर अतिरिक्त मदद एक बड़ा प्लस प्वाइंट है। स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते हम अपने प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के माध्यम से लोगों को उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए आवश्यकता-आधारित सिफारिशें प्रदान करने का लगातार प्रयास करते रहे हैं जो प्रकृति और विज्ञान की खूबियों को एक साथ लाता है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस के माध्यम से, जो हमारे न्यूट्रिशन पोर्टफोलियो में नवीनतम प्रोडक्ट है, हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को प्लसलाइफ अपनाने के लिए सशक्त बनाना है - एक ऐसा विचार जो समग्र कल्याण के सिद्धांतों पर पनपता है, जहां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों की वृद्धि पर जोर दिया जाता है और जहां क्षमताएं सीमाओं से परे हैं।

# वैवाहिक सीजन में देश में लगभग 35 लाख शादियां होंगी : कैट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सहित देश भर के व्यापारी आगामी शादी के मौसम के लिए एक बड़ी बिक्री करने पूरी तरह से तैयारी में जुट गये हैं क्योंकि दिवाली के तुरंत बाद शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और इस दौरान करीब 35 लाख शादियां होने का अनुमान है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने आज यह अनुमान जताते हुये कहा कि इस वर्ष 23 नवंबर, देव उठान एकादशी से शादियों का सीजन शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा। एक अनुमान के अनुसार किए इस अवधि के दौरान देश भर में लगभग 35 लाख शादियाँ संपन्न होंगी, जिसमें शादी की खरीदारी और शादी से संबंधित अनेक प्रकार की सर्विस के ज़रिए सेवाएँ लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये का बड़ा खर्च इस सीजन में होने की संभावना है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे के अनुसार अकेले दिल्ली में इस सीज़न में 3.5 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था। भरतिया ने कहा कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख, 12 लाख रुपये का खर्च आएगा. शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे, 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे और 50 हजार शादियाँ ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर 4.25 लाख करोड़ रुपये व्यय किये जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि शादी के सीजन में कारोबार की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। ग्राहकों की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यापारी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा। शादी के सीज़न का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाह का लगभग 20 प्रतिशत खर्च दूल्हा-दुल्हन पक्ष को जाता है जबकि 80 प्रतिशत खर्च विवाह संपन्न कराने में काम करने वाली अन्य तीसरी एजेंसियों को जाता है।

### आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर लगाया 16 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय नियमों का पालन नहीं करने के मामले में आईसीआईसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक पर कार्रवाई की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को बताया कि आईसीआईसीआई बैंक पर 12.19 करोड़ जबकि कोटक महिंद्रा बैंक पर 3.95 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक पर यह जुर्माना ऋण और अग्रिम-सांविधिक और अन्य प्रतिबंधों और वाणिज्यिक बैंकों और चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग से संबंधित मानदंडों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है। एक अन्य बयान में रिजर्व बैंक ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड पर यह जुर्माना बैंकों द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता, बैंकों द्वारा लगाए गए वसूली एजेंटों, बैंकों में ग्राहक सेवा और ऋण और अग्रिम- वैधानिक और अन्य प्रतिबंधों से संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है।

# सरकार हुडको में अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।** सरकार हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) में बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। यह बिक्री 18 से 19 अक्तूबर के बीच की जाएगी। एक नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी गई है। इस पेशकश के लिए न्यूनतम मूल्य 79 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जो 17 अक्तूबर को बीएसई पर कंपनी के शेयरों के बंद हुए भाव 89 रुपये के मुकाबले 12 प्रतिशत कम है।

सरकार को इस बिक्री से लगभग 1,100 करोड़ रुपये हासिल होने की उम्मीद है, कंपनी के कुल 14 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी।

ओएफएस के पहले दिन बिक्री के लिए कुल 7 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी, जो हुडको की कुल हिस्सेदारी का 3.5 प्रतिशत है। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि बेस ऑफर के बाद अगले दिन ओवर सब्सक्रिप्शन विकल्प मिलेगा, इस ग्रीनशू विकल्प में भी 7 करोड़ शेयर यानी 3.5 प्रतिशत शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे।

इस पेशकश का पहला दिन खुदरा निवेशकों के लिए खुला रहेगा और इसके बाद दसरे दिन गैर-खुदरा निवेशकों को बोली लगाने की अनुमति होगी।

एक्सचेंज फाइलिंग में स्पष्ट किया गया है कि इस ऑफर के लिए कोई रिटेल डिस्काउंट नहीं होगा।

एलारा सिक्योरिटीज (इंडिया), आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और एसबीआईकैप सिक्योरिटीज को इस पेशकश के ब्रोकर की भूमिका निभाएं।

## शार्ट न्यूज

### अफगानिस्तान से न्यूजीलैंड को रहना होगा सतर्क

चेन्नई। आईसीसी विश्वकप में शानदार फार्म में चल रही न्यूजीलैंड को बुधवार को चेपॉक में खेले जाने वाले 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान से सतर्क रहना होगा। एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच अबतक दो मैच खेले गए हैं और दोनों ही मैच न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की हैं। वही विश्वकप इतिहास में दोनों टीमें दो बार भिड़ी है और दोनों बार न्यूजीलैंड विजयी रहा है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी नजर आता है। लेकिन अफगानिस्तान ने अपने पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रनों से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत हासिल की है। यह विश्वकप इतिहास में उसकी दूसरी जीत है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के साथ हुए पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज 80 रन और इकरम अलीखिल 58 रनों की पारी बदौलत 49.5 ओवरों में 284 बनाये थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड 40.3 ओवरों में 215 रनों पर ऑलआउट कर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने सर्वाधिक 3-3 विकेट और मोहम्मद नबी ने दो विकेट हासिल किये। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है। टीम ने अपने तीनों ही मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की है। लेकिन बंगलादेश के खिलाफ हुए मुकाबले में उंगली में चोट लगने के कारण केन विलियम्सन बाहर हो चुके हैं।

### झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 पेरिस आलंपिक क्वालीफायर में मददगार होगी

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर बिचू देवी खारीबाम ने कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में हमारे लिए मददगार साबित होगी। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 का बेसब्री से इंतजार होने के साथ ही महिला हॉकी के क्षेत्र में पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की उम्मीदें बढ़ गई हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक होने चलेगी। गोलकीपर बिचू देवी ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने के लिए खुशी जाहिर की और कहा कि वह भी घरेलू धरती पर अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए तैयार है। बिचू देवी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी कर रही हैं। बिचू देवी ने 2022 में भारतीय हॉकी टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, मैं रांची में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने जाने से रोमांचित हूं। यह मेरे लिए खुशी का क्षण है और मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं। आगामी टूर्नामेंट में अपने सीनियर्स से मदद लेने के अलावा, मैं उस अनुभव का उपयोग करने के लिए उत्सुक हूं जो मैंने हाल ही में चीन के हांगझोउ में संपन्न एशियाई खेलों के दौरान हासिल किया था। इस बीच, बिचू देवी ने 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के महत्व पर बल देते हुए कहा, यह टूर्नामेंट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, क्योंकि हम 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं। जो अगले वर्ष जनवरी के लिए होने वाला है।

### पाकिस्तान टीम के प्लेयर्स बीमार पड़े

वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने मंगलवार के दिन प्रैक्टिस नहीं की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलने के लिए टीम बेंगलुरु पहुंच चुकी हैं। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को पाकिस्तान टीम को रेस्ट दिया और प्रैक्टिस सेशन नहीं रखा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक इस समय बुखार से जूझ रहे है। वहीं टीम के खिलाड़ी शाहीन अफरीदी और उसामा मीर को भी बुखार आ रहा था। अब 5 में से 3 खिलाड़ी रिकवर हो चुके हैं। इस कारण आज प्लेयर्स को रेस्ट दिया गया। पाकिस्तान टीम के मीडिया मैनेजर ने कहा कि, कुछ खिलाड़ियों को पिछले कुछ दिनों में बुखार आया था और उनमें से ज्यादातर प्लेयर्स पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। बाकी के खिलाड़ी टीम की मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं। पाकिस्तान का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 अक्टूबर को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना हैं। पाकिस्तान ने 3 में से 2 मैच जीते हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को तीसरे मैच में श्रीलंका के खिलाफ अब तक इकलौती जीत मिली है। **वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम :** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमां, हसन अली, इफ्तिखार अहमद , इमाम उल हक, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, सलमान आगा, शाहीन आफरीदी, उस्मा मीर, सऊद शकील, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियरट्रैवेलग रिजव: मोहम्मद हारिस, अबरार अहमद, जमान खान.

### खान यूनिस, राफा में इजरायली हमलों में 49 फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्लाह। गाजा के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस और रफा में घरों को निशाना बनाकर पूरी रात किए गए इजरायली हमले में कम से कम 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजरायल 23 लाख लोगों के एन्क्लेव में आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है, जिसके कारण गाजा में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है और ईरान के साथ व्यापक संघर्ष की आशंका उत्पन्न हो गई है। गाजा के अधिकारियों ने कहा कि 07 अक्टूबर से इजरायली हमलों में अबतक 2,800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग एक चौथाई बच्चे हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं और अस्पतालों में आपूर्ति का अभाव झेल रहे हैं। इजरायल ने हमास के हमले का जवाब गाजा पर अपनी नाकाबंदी को कड़ा करके दिया है, जिसमें भोजन, पानी और ईंधन के प्रवेश को प्रतिबंधित करना और हवाई हमलों के साथ क्षेत्र पर बमबारी करना शामिल है, जिसने हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और लाखों विस्थापित हुए हैं। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने आज तड़के तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घंटों बातचीत की और कहा कि राष्ट्रपति बिडेन इजरायल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इज़राइल से पूछेंगे कि उसे अपने लोगों की रक्षा करने के लिए क्या चाहिए क्योंकि हम उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस के साथ काम कर रहे हैं।

### इजरायल हमले में गोलीबारी के लिए फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग कर रहा

यरुशलेम । इजराइली सशस्त्र बलों ने कथित तौर पर मंगलवार को फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग करके लेबनानी सीमा पर कई गांवों तथा गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों पर रात भर गोलीबारी की। ह्यूमन राइट्स वॉच ने दावा किया कि सात अक्टूबर को हमास की घुसपैठ और उसके बाद रॉकेट हमलों के बाद शत्रुता के दौरान इजरायल ने गाजा तथा लेबनान के खिलाफ सफेद फास्फोरस हथियारों का इस्तेमाल किया। पिछले मंगलवार को फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायली सशस्त्र बलों पर सफेद फास्फोरस वाले गोला-बारूद का उपयोग करने का आरोप लगाया था। वहीं संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संगठन को इजरायल द्वारा ऐसे हथियारों के संभावित उपयोग पर किसी भी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। इस बीच गाजा में 200 से 250 इजरायली बंदी हैं। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने आज यह जानकारी दी। ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने टेलीविज़न भाषण में कहा कि समूह ने 200 कैदियों को रखा है और बाकी को गाजा पट्टी में अन्य प्रतिरोध गुटों ने पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि गाजा पर चल रहे इजरायली हमलों में इजरायल के कम से कम 22 लोग मारे गए हैं, जिनमें तेल अवीव स्थित इजरायली कलाकार गाइ ओलिव्स भी शामिल हैं। प्रवक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि सशस्त्र समूह इजरायल के साथ कैदियों की अदला-बदली का इच्छुक है। गाजा के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस और रफा में घरों को निशाना बनाकर पूरी रात किए गए इजरायली हमले में कम से कम 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजरायल 23 लाख लोगों के एन्क्लेव में आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है।

# लौरा वोल्वार्ड्ट आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब

एजेंसी

दुबई। दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने के बाद सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब पहुंच गई हैं।

वोल्वार्ड्ट ने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कमान संभाली है, लेकिन इस अतिरिक्त जिम्मेदारी ने उनकी बल्लेबाजी को प्रभावित नहीं होने दिया।

दक्षिण अफ्रीकी 24 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम दो टी-20 में 53 और 24 रन बनाए और कुछ समय के लिए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 712 अंक हासिल कर ली, जबकि बारिश से प्रभावित श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर रही थी। जिससे वोल्वार्ड्ट अपने सर्वश्रेष्ठ 712 रेटिंग से 710 पर वापस आ गयी है, लेकिन टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में अभी भी एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दाएं हाथ की बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरिम कप्तान बनने के बाद से पांच टी-20 पारियों में 46.8 की औसत और 123.2 की स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए हैं।

न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 70 और 61 रनों की पारी के बाद तीन पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं इस युवा खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला।

ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला खिलाड़ी ताहलिया मैकग्राथ 794 रेटिंग अंकों के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं और दूसरे स्थान पर टीम की साथी बेथ मूनी से 30 अंक आगे हैं।

दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेक म्लाबा दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

जो कि एक्लेस्टोन से 27 अंक पीछे हैं। एक्लेस्टोन 765 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

न्यूजीलैंड की अनुभवी ली ताहुहू ने पांचवें टी-20 में वोल्वार्ड्ट और तज़मिन ब्रिट्स के बेशकीमती विकेटों सहित 2/20 लेकर अपने मौके का भरपूर फायदा मिला है।



न्यूलीलैंड की 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में चार ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है।हालांकि दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवर के प्रारूप पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में एशले गार्डनर से मैरिज़ेन कप्प ने शीर्ष स्थान छीन लिया है। ऑस्ट्रेलिया की डायनेमो को 14 अंक का नुकसान हुआ और वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है।

इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने सफेद गेंद की रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है और आईसीसी महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में अभी भी शीर्ष स्थान पर है।

## सिंधु ने गिल्मर को हराकर अगले राउंड में पहुंची

ओडेंस। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मंगलवार को डेनमार्क ओपन 2023 महिला एकल के राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी हैं।

ओडेंस के जिस्के बैंक एरीना में खेले गये मुकाबले मे 12वीं रैंकिंग वाली पीवी सिंधु ने दुनिया की 28वें नंबर की स्कॉटिश शटलर के खिलाफ 21-14, 18-21, 21-10 से जीत हासिल की।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु तीसरे गेम में पूरी तरह से हावी रही और गिल्मर पर अपनी दूसरी जीत हासिल की।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बुधवार को बीडब्ल्युएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। तुनजुंग ने इस साल की शुरुआत में स्पेन मास्टर्स फाइनल में सिंधु को हराया था।

पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली सिंधु ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती गेम में बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, गिल्मर ने दूसरे गेम में वापसी की और भारतीय शटलर की कोशिशों के बावजूद मैच को तीसरे और निर्णायक गेम तक ले जाने में सफल रहीं।

टूर्नामेंट में देर से जगह बनाने वाली आकर्षी कश्यप ने भी महिला एकल प्रतियोगिता में अगले राउंड में प्रवेश किया। दुनिया की 38वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने जर्मनी की यवोन ली को 10-21, 22-20, 21-12 से हराया।

वहीं पुरुष एकल में, किदांबी श्रीकांत पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वेंग होंग यांग से 21-19, 10-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

यह पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी की इस साल खेले गए 15 बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में शुरुआती दौर में सातवीं हार थी।

### मलेशियाई अभिनेत्री मिशेल योह आईओसी की सदस्य बनी

**मुंबई।** मलेशियाई की ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली पहली एशियाई अभिनेत्री मिशेल योह मंगलवार को 141वें आईओसी सत्र के अंतिम दिन मतदान के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य बन गई हैं। मिशेल योह (61) जूनियर स्क्वैश चैंपियन रह चुकी हैं। ओलंपिक सदस्यों में योह के साथ इजरायल के लिए पहला ओलंपिक पदक जीतने वाली जुडोका येल अराद, हंगरी के व्यवसायी बालाज फर्जेस, पेरू के पूर्व ओलंपिक वॉलीबॉल पदक विजेता सेसिलिया रोक्साना टैट विलाकोर्टा और जर्मन उद्यमी माइकल मिरोन्ज़ शामिल हैं। इन पांचों के लिए सितंबर में आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने व्यक्तिगत सदस्यों के रूप में प्रस्ताव किया गया था। स्वीडन की पेट्रा सोर्लिंग, अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ की अध्यक्ष और दक्षिण कोरिया की किम जे-यूल, अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ की अध्यक्ष, को भी अंतरराष्ट्रीय महासंघों के प्रमुख के रूप में उनके कार्य के लिए चुना गया।

## रोहित शर्मा भारत के लिए आदर्श कप्तान : रिकी पोंटिंग

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा घरेलू धरती पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत के लिए आदर्श कप्तान हैं।

पोंटिंग ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर जोरदार जीत के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की है। तीन जीतों के साथ अंक तालिका में भारत शीर्ष पर है। रोहित ने मेजबान टीम को उत्साही प्रशंसकों के सामने खेलने के दौरान आने वाले अतिरिक्त दबाव की चिंता से मुक्त कर दिया है।

उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को घरेलू समर्थन के बीच भारत के लिए आगे बढ़ने की कुंजी बताया है।

पोंटिंग ने आईसीसी को बताया, वह (रोहित) बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत



शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके से भी यह देख सकते हैं। वह काफी शांत स्वभाव का बल्लेबाज भी है और मैदान के अंदर और बाहर भी वह इसी तरह का है।

उन्होंने कहा, हम चुपचाप बैठकर यह नहीं कह सकते कि किसी स्तर पर दबाव उन पर हावी नहीं होगा, या इसका उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह टूर्नामेंट की विशालता के साथ होगा। लेकिन वह इसे स्वीकार करेंगे और सामना करेंगे

उन्होंने कहा कि विश्व कप में भारत का नेतृत्व करने के लिए रोहित सबसे अच्छे व्यक्ति हैं जिससे कोहली को बल्ले से अपनी प्रमुख भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

उन्होंने कहा, विराट जैसा कोई व्यक्ति, जो थोड़ा अधिक दिल से काम करता है और शायद प्रशंसकों की बात सुनता है और प्रशंसकों के साथ थोड़ा अधिक खेलता है, उनके व्यक्तित्व वाले किसी व्यक्ति के लिए यह शायद थोड़ा कठिन होगा।

उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि रोहित को इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। वह एक शानदार व्यक्ति हैं और लंबे समय से एक महान खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने भारत के कप्तान के रूप में बहुत अच्छा काम किया है।

पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, मैंने शुरू से ही कहा था कि मुझे लगता है कि भारत हराने वाली टीम होगी उनके पास बहुत प्रतिभाशाली टीम है। उन्होंने कहा, उनकी तेज गेंदबाजी, उनकी स्पिन और उनके शीर्ष क्रम, मध्य क्रम की बल्लेबाजी में सभी आधार शामिल हैं।

# इजराइल में तैनाती के लिए 2 हजार अमेरिकी सैनिक तैयार

**ईरान की धमकी- गाजा में हमले बंद करें, वरना मुस्लिम सेनाओं को रोकना मुश्किल**

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास जंग के 11वें दिन अमेरिका अपने 11 हजार सैनिक इजराइल में तैनात कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ये सैनिक सीधे युद्ध नहीं लड़ेंगे, बल्कि इजराइल की सेनाओं को टेक्निकल और मेडिकल सपोर्ट देंगे। इस बीच अमेरिकी आर्मी के चीफ माइकल एरिक कुरिला मंगलवार को इजराइल पहुंचे। माना जा रहा है कि वे अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की रूपरेखा फाइनल कर सकते हैं।

दूसरी तरफ ईरान ने इजराइल और उसका समर्थन करने वाले देशों को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खुमैनी ने मंगलवार को कहा कि अगर इजराइल ने गाजा में



बमबारी बंद नहीं की, तो दुनिया मुस्लिम फोर्सेज को रोक नहीं पाएगी। इधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इजराइल के पीएम नेतन्याहू से बात की। उन्होंने कहा- रूस जंग को बढ़ने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है।

इजराइल में 7 अक्टूबर को हमाल के हमले के बाद से ही इजराइली सेनाएं गाजा पर लगातार बम बरसा रही हैं। ये हमले दक्षिणी गाजा के खान यूनिस और राफाह में किए गए हैं। जानकारी मिली है कि 24 घंटे में वहां 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। जंग में अब तक इजराइल के 1400 लोग, गाजा के 2808 लोग और वेस्ट बैंक के 57 लोग मारे गए हैं।

### हमास की कैद में हैं 250 नागरिक

हमास मिलिट्री के प्रवक्ता अबु ओबेदा ने कहा है कि उनकी कैद में 200 से 250 नागरिक हैं। इनमें से विदेशी नागरिक हमारे मेहमान हैं। हालात सुधरने पर हम इन्हें रिहा कर देंगे। ओबेदा ने ये भी कहा कि वो गाजा में इजराइल के बड़े जमीनी ऑपरेशन से डरते नही हैं। इजराइली सेना 10 हजार सैनिकों के साथ गाजा में जमीनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## बाइडेन नेतन्याहू के प्रति एकजुटता दिखाने बुधवार को इजरायल जायेंगे

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मध्य पूर्व में अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए बुधवार को इजरायल की यात्रा करेंगे।

'न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार बाइडेन की यह यात्रा हमास को खत्म करने के इजरायल के संकल्प के बीच हो रही है। वह गाजा पट्टी में हताहतों से भरे जमीनी आक्रमण पर अंकुश लगाने का आग्रह भी करेंगे। उनकी यह राजनीतिक और भौतिक दोनों तरह के जोखिमों से भरी यात्रा होगी।

व्हाइट हाउस ने सोमवार शाम को यात्रा की घोषणा की जब श्री बाइडेन ने ओवल कार्यालय में अपने शीर्ष खुफिया अधिकारियों और अपने निकटतम सलाहकारों के साथ मुलाकात की और इस बात पर चर्चा की कि क्या इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा सप्ताहांत में दिए गए निमंत्रण को स्वीकार करना है अथवा नहीं।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता, जॉन एफ. किर्बी ने सोमवार रात पत्रकारों को एक ब्रीफिंग में कहा कि बाइडेन गाजा में पहुंचायी जाने वाली मानवीय सहायता की महत्वपूर्ण आवश्यकता के साथ-साथ निर्दोष लोगों के बाहर निकाले जाने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति तेल अवीव और अम्मान, जॉर्डन में जॉर्डन, मिस्र और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के नेताओं के साथ बैठकें करेंगे। बाइडेन और राज्य सचिव एंटनी जे. ब्लिंकन ने हमास को उखाड़ फेंकने का समर्थन किया है लेकिन उन्होंने नेतन्याहू की सरकार को चेताया है कि जब इज़रायल को इमारतों को उड़ाने और फिलिस्तीनी हताहतों की संख्या में वृद्धि करते हुए देखा जाएगा, तो दुनिया भर में जनता की भावना नाटकीय रूप से बदल सकती है। जनता सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले, जले हुए शवों और मारे गए बच्चों के दृश्यों पर कम और प्रतिक्रिया की क्रूरता पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। श्री किर्बी ने कहा, हम स्पष्ट रूप से किसी भी अतिरिक्त नागरिक पीड़ा को नहीं देखना चाहते हैं।

### रूस ने डोनेट्स्क की दिशा में नौ हमलों को विफल किया

मॉस्को। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सेना ने पिछले 24 घंटों में डोनेट्स्क की दिशा में नौ हमलों को नाकाम कर दिया है और यूक्रेन के सैन्य हताहतों की संख्या 485 तक पहुंच गई है। मंत्रालय ने कहा, डोनेट्स्क की दिशा में, दक्षिणी समूह की सेनाओं की इकाइयों ने विमानन और तोपखाने के सहयोग से यूक्रेनी इकाइयों द्वारा किए गए नौ हमलों को विफल कर दिया। कुप्यांस्क दिशा में, रूसी सैनिकों ने पिछले दिन सात हमलों को विफल कर दिया और यूक्रेन को 270 सैन्य हताहतों का सामना करना पड़ा है। क्रास्नी लिमन दिशा में रूसी सैनिकों ने दो हमलों को विफल कर दिया, यूक्रेन ने 115 सैनिकों को मार डाला और घायल कर दिया।

### बेल्जियम पुलिस ने ब्रुसेल्स हमले में संभवत: शामिल होने वाले व्यक्ति को किया ढेर

ब्रुसेल्स। बेल्जियम पुलिस ने शैरबीक नगर पालिका में एक व्यक्ति को मार गिराया, जिसपर सोमवार (16 अक्टूबर) को ब्रुसेल्स में हुई गोलीबारी में शामिल होने का शक था। प्रसारक ने कहा कि जिस व्यक्ति के सीने में गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। बाद में बेल्जियम के गृह मंत्री एनेलिस वर्लिंडेन ने इसकी पुष्टि की कि जिसे गोली मारी गई वह ब्रुसेल्स में हुई गोलीबारी का हमलावर था। मीडिया के अनुसार, हमलावर की पहचान ट्यूनीशियाई मूल के अब्देसलेम एल (45) के रूप में हुई है। आरटीबीएफ ने संघीय अभियोजकों के हवाले से कहा कि हमले में उपयोग किए गए हथियार जैसा ही एक हथियार सुबह उसके पास से बरामद किया गया। एलएन24 प्रसारक की खबर के अनुसार संदिग्ध की अस्पताल में मौत हो गई। ब्रसेल्स पुलिस फिलहाल दो और संदिग्धों की तलाश कर रही है। बेल्जियम की मीडिया ने सोमवार को कहा कि यूरो 2024 क्वालीफायर से पहले मध्य ब्रसेल्स में गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दोनों पीड़ित स्वीडिश फुटबॉल के प्रशंसक थे और स्वीडिश राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए ब्रसेल्स आए थे।

### गाजा पट्टी : इजरायल हमले में अबतक 3,000 लोगों की मौत, 11,000 घायल

गाजा। गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में अबतक 3,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं जबकि 11,000 घायल हुए हैं और 10 लाख से ज्यादा लोग गाजा के उत्तर में अपने घर छोड़कर पलायन कर चुके हैं। रूस में फ़िलिस्तीनी राजदूत अब्देल हाफ़िज़ नोफ़ल ने मंगलवार को सोलोविओव लाइव मीडिया आउटलेट को यह जानकारी दी। सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ आश्चर्यजनक रूप से बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिससे इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति की घोषणा करनी पड़ी और उसने जवाबी हमले शुरू किया। सोमवार को, इजरायल ने गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जिसमें 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। इजरायल ने संघर्ष में 1,000 से ज्यादा मौतों की सूचना दी है। सप्ताहांत में, इजरायली सेना ने गाजा के लोगों से उत्तरी एन्क्लेव को खाली करने और दक्षिण की ओर पलायन करने का आग्रह किया और हमास के ठिकानों पर आसन्न हमलों की चेतावनी दी। कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों और मानव अधिकार समूहों ने इस अल्टीमेटम की निंदा करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर पलायन के गंभीर मानवीय परिणाम होंगे।

### थाई सरकार ने रूसियों को 90 दिन की वीजा-मुक्त प्रवास अवधि को दी मंजूरी

बैंकॉक । थाईलैंड के कैबिनेट ने मंगलवार को कहा कि रूसी पर्यटक अब एक नवंबर से 30 अप्रैल 2024 तक बिना वीजा के देश में 90 दिनों तक रह सकेंगे। कैबिनेट प्रोटोकॉल में कहा गया है कि रूस को उन देशों की सूची में शामिल किया गया है जिनके नागरिक पर्यटन के लिए आने पर राज्य में 90 दिनों तक रहने के लिए वीजा या अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता से मुक्त हो जाते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि यह उपाय रूसी संघ के साथ आर्थिक और विदेश नीति की बातचीत के सर्वोत्तम हित में लिया गया है जो विशेष रूप से लोगों से लोगों के संबंधों के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का आधार हैं। सरकार ने आंतरिक मंत्रालय और आव्रजन सहित कई विभागों को संबंधित आदेशों, कानूनों तथा विनियमों में संशोधन करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा को थाईलैंड की राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों पर उपाय के प्रभाव की निगरानी करने का भी काम सौंपा गया है। एक अंतरसरकारी समझौते के तहत रूसी और थाईलैंड के पर्यटकों को 30 दिनों के लिए एक-दूसरे के देशों में वीजा-मुक्त प्रवेश का आनंद मिला। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा कि सरकार देश में रूसी पर्यटकों के लिए वीजा-मुक्त रहने की अवधि को 30 से बढ़ाकर 90 दिन करने की योजना बना रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### मिशन शक्ति दीदी: छात्राओं को किया जागरूक

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**सादुल्ला नगर( बलरामपुर )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत मिशन दीदी अभियान के अंतर्गत ए जी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्ला नगर मे थाना प्रभारी बृजानंद सिंह द्वारा एंटी रोमियो टीम राम सिंगर,ज्योति मिश्रा, दिनेश कुमार गुप्ता, आरती वर्मा,सपना राज द्वारा छात्राओं से बातचीत कर बाल श्रम उन्मूलन, पॉक्सो एक्ट, मानव अधिकार, वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन 112, एबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 व साइबर हेल्पलाइन न0 1930,/155260, साइबर अपराधों जैसे- ह्ज्ञक्कशेयरिंग, लकी ड्रा, फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड ,पेंशन धोखाधड़ी आदि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क इत्यादि के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उज्जवला योजना, कन्या सुमंगला योजना इत्यादि के बारे में बताया गया।

### 11 दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन



**सोनभद्र।** चुर्क इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे 11 दिवसीय योग शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। इस दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रशिक्षणार्थियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा निर्देशित योग शिविर के क्रम में युवा भारत जिला महामंत्री - सोशल मीडिया प्रभारी योगी संकट मोचन द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चुर्क सोनभद्र में कराए जा रहे शिविर के आखिरी दिन पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, नगर संरक्षक शेषमणि तिवारी एवं नगर प्रभारी अजय कुमार पांडेय द्वारा योग साधक छात्र छात्राओं को ताड़ासन, वृक्षासन , चक्रासन , सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति, के साथ अनुलोम- विलोम प्राणायाम, सिंह दहाड़, हास्य आसान करके उससे होने वाले लाभ के बारे में वृहत्तर विवेचना विश्लेषित की गई । बीच-बीच में करें योग - रहें निरोग का नारा अभिगुंजित होता रहा।अंत में शांति पाठ के साथ शिविर का समापन हुआ। पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी भ्राता दुर्गेश योगी द्वारा जनपद सोनभद्र में जगह-जगह शिविर लगाकर योग का प्रचार प्रसार करते रहने के लिए जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी के माध्यम से पतंजलि का टी-शर्ट देकर उत्साहवर्धन किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने अंतिम अवसर

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नारवेकर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए यथार्थवादी समय-सीमा तय करने का मंगलवार को अंतिम अवसर देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसला करने में देरी पर एक बार फिर नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा कि कुल मिलाकर देखा जाए तो अयोग्यता याचिकाओं का एक सेट जून 2022 से लंबित है। पीठ ने कहा कि दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के मूल उद्देश्य को विफल नहीं किया जा सकता है। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि जहां तक अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने का सवाल है तो उन्हें एक यथार्थवादी समय सीमा तय करने के लिए कुछ और समय दिया जाना चाहिए। अदालत ने श्री मेहता की याचिका को स्वीकार कर लिया कि वह दशहरा अवकाश के दौरान इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत करेंगे।

### पूर्व सांसद महेंद्र सिंह मेवाड़ के पुत्र कुंवर विश्वराज सिंह मेवाड़ हुए भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली । राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नेताओं का राजनीतिक पार्टियों में शामिल होने का सिलसिला जारी है। प्रदेश में विधानसभा चुनावों के पहले मंगलवार को यहां महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह मेवाड़ और करणी सेना के प्रमुख रहे दिवंगत लोकेंद्र सिंह कालवी के पुत्र भवानी सिंह कालवी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा केंद्रीय कार्यालय में राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरूण सिंह और सांसद दीया कुमारी की मौजूदगी में इन दोनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ संजय मयूख भी मौजूद थे। पार्टी में शामिल होने के बाद विश्वराज सिंह मेवाड़ और भवानी सिंह कालवी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लिया। इस अवसर पर नड्डा ने भाजपा परिवार में दोनों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्ण विश्वास है कि सभी के साथ आने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण के हमारे उद्देश्यों एवं राजस्थान के सर्वांगीण विकास के संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

### शहरों के विकास पर 2014 से 18 लाख करोड़ रुपये का निवेश, बदल रही है तस्वीर

नयी दिल्ली। केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने मंगलवार को कहा कि देश में शहरों के विकास और रुपांतर के लिए 2014 से विभिन्न योजनाओं में 18 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और इससे नगरों छवि बदल रही है। पुरी ने कहा कि सरकार द्वारा शहरी स्थानीय निकायों ( यूएलबी) को अधिक वित्तीय संसाधन और क्षमता निर्माण तक पहुंच प्रदान करने, बड़े पैमाने पर मिशन निष्पादित करने के लिए उपाय किए गए है। वह यहां ' जनाग्रह' और ' रेनमैटर फाउंडेशन' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय शहर-प्रणाली पर वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट -एएसआईसीएस 2023 का छठा संस्करण जारी कर रहे थे। शहरी विकास एवं पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने कहा कि महापौरों और नगर परिषदों के सशक्तिकरण की आवश्यकता है क्योंकि उन्होंने स्थानीय स्तर पर वैश्विक कार्रवाई को चलाने की क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से सरकार ने विश्व का सबसे व्यापक और योजनाबद्ध शहरीकरण कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने पीएमएवाई (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन - शहरी, अमृत, स्मार्ट सिटीज मिशन, पीएम स्वनिधि मिशन और डीएवाई-एनयूएलएम जैसी पहलों/मिशनों के बारे में बात की, जो शहरी क्षेत्रों की वृद्धि और विकास में परिवर्तनकारी साबित हुए हैं। पुरी ने कहा कि पीएमएवाई (शहरी) के तहत लगभग 1.19 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। इनमें 1.13 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और 77 लाख घरों को आवंटियों को दिया जा चुका है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की हुई बैठक

## खाद्य लाईसेंस हेतु अभियान चलाकर करायें पंजीकरण : मुख्य विकास अधिकारी

सोनभद्र । प्रभारी जिलाधिकारी - मुख्य विकास की अध्यक्षता में आहूत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ''जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति'' की सभा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में लाइसेंस पंजीकरण से आच्छादित करने हेतु भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अन्तर्गत ईट राईट इण्डिया अभियान के तहत ईट राईट स्कूल, ईट राईट कैम्पस आदि को सम्बन्धित विभागों के सहयोग एवं समन्वय से सफल बनाने, सर्विलांस सैम्पल की कार्यवाही, एफ0 एस0 डब्लू0 की कृत कार्यवाही, प्रवर्तन अभियोजन तथा जागरूकता कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकरी सहायक आयुक्त द्वारा प्रदान की गयी। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त अल्कोहालिक बेवरेजे की दुकानों , पी0डी0एस0 के समस्त गोदामों - दुकानों, आई0सी0डी0एस0 के समस्त गोदामों व जनपद में संचालित सभी सेल्टर हाउस, बाल सुधार गृह, आश्रम पद्धति विद्यालय तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस पंजीकरण से आच्छादित कराने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ईट राईट स्कूल योजना से समस्त आवासीय विद्यालय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, अटल आवासिय विद्यालय, नयोदय विद्यालय को इस



योजना से आच्छादित करने के लिए निर्देशित किया गया। सरकारी एवं निजी संस्थान जहॉ कैन्टीन संचालित है यथा-पुलिस लाईन मेस, जिला जेल, मेडिकल, इंजीनियरिंग व पालीटेक्नीक कालेज में संचालित मेस - कैन्टीन तथा निजी संस्थानों में संचालित कैन्टीन - मेस को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनिमय के तहत लाइसेंस पंजीकरण कराते हुए ईट राईट कैम्पस योजना से आच्छादित कराने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार सैम्पलिंग की कार्यवाही करायेंगे। जनपद में खुल में बेचे जा रहे मांस की बिक्री पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया।

जिले के सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 एवं जिला अस्पताल के आस-पास संचालित मेडिकल स्टोर का निरीक्षण तथा सरकारी अस्पताल, वेयर हाउस, सेन्ट्रल वेयर हाउस व कास्मेटिक के नमूने संग्रहित करने को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित सभी आर0ओ0 प्लान्ट की जॉच एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सी0ओ0 सदर, डिप्टी सी0एम0ओ0 सोनभद्र, सी0एम0ओ0, एन0आर0सी0, पंचायती राज अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, उद्योग उपायुक्त, सोनभद्र, वाणिज्यकर अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, ए0आर0ओ0, जिलापूर्ति कार्यालय, सी0डी0पी0ओ0, डी0एम0एम0 - एन0आर0एल0एम0, सोनभद्र, ए0डी0आई0 सूचना, जिला कृषि अधिकारी , आबकारी निरीक्षक, सुशील कुमार सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य औषधि निरीक्षक, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सोनभद्र, अध्यक्ष औषधि विक्रेता संघ अमरेश चन्द्र पाठक, अमित चन्देल की मौजूदगी रही बैठक सभा मे। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी , कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य विभाग के अधिकारी भी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामलीला मंचन के दूसरे दिन भगवान श्रीराम का जन्म

गाजियाबाद ।क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति के तत्वाधान में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म पर क्रॉसिंगवासियों ने नृत्य एवं गीत के साथ खुशियां मनाई। क्रॉसिंग रिपब्लिक के ग्रीन बेल्ट में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन अयोध्या के राजा दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ का आयोजन, श्री राम , भरत , शत्रुघ्न एवं लक्ष्मण चारों भाइयों का जन्म, जन्म के जश्न में प्रजा द्वारा खुशियां एवं नृत्य, चारों भाइयों के नामकरण संस्कार, महर्षि विश्वामित्र के हवन का विध्वंस, अयोध्या से श्री राम-लक्ष्मण का महर्षि विश्वामित्र के साथ वन को प्रस्थान आदि का मंचन क्रॉसिंग रिपब्लिक के ही स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया।



रामलीला मंचन में राजा दशरथ की भूमिका गोविंद ने, महर्षि वशिष्ठ की संजय अग्निहोत्री ने, सुमंत की अजीत ने, अग्नि देव का बृजदीप ने, विष्णु की सिद्धार्थ ने, कौशल्या की नीरज ने, सुमित्रा की भूमिका सुमीता वर्मा ने, कैकई की सर्वजीत ने, विश्वामित्र की सचिन ने, बालक श्रीराम का उत्कर्ष ने, बालक लक्ष्मण का प्रनील ने अभिनव करके क्रॉसिंग वासियों का दिल जीत लिया। रामलीला के प्रथम दिन भगवान विष्णु का राम के रूप में अवतार लेने के उद्देश्य का मंचन लोगों ने देखा था और ज्योंहि दूसरे दिन राम सहित चारों भाइयों का जन्म हुआ तो दर्शकों ने पुष्प वर्षा एवं नृत्य के साथ दिल से खुशियां मनाईं।

कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका साहित्यकार आशीष प्रकाश ने निभाई।

रामलीला से पूर्व प्रतिदिन स्थानीय बच्चों के ग्रुप द्वारा संस्कृत कार्यक्रम समूह नृत्य का आयोजन किया जाता है, जिसके क्रम में सोमवार को पंचशील, गोल्ड कोस्ट, गौर ग्लोबल विलेज, एक्सोटिका, ऐसोटेक आदि सोसाइटी से बच्चों के समूह ने 15 समूह नृत्य प्रस्तुत किए जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक कला संगम समिति के अध्यक्ष क्षितिज सिंघल ने किया। समिति के अन्य पदाधिकारियों तरुण भरत चौहान, बी पी एस भाटिया, आशुतोष चंदन, दीपशिखा माहेश्वरी, अर्चना अग्निहोत्री, विजय गोयल, डा. दिनेश शर्मा, विकोस श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, डॉ0 मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक शर्मा आदि के साथ किया। कार्यक्रम में क्रोमा के अध्यक्ष रोहित चौधरी, संजीव तोमर एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

## मां चंद्रघंटा भक्तों की मनोकामनाएं करती है पूरी : निजस्वरूपानंदपुरी



**नई दिल्ली।** श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम असोला में शारदीय नवरात्रि में भव्य अनुष्ठान चल रहा है। नवरात्र के तीसरे दिन श्री श्री 1008 श्री शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी महाराज के सान्निध्य में सैकड़ों दम्पति जोड़ो ने मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना और मंत्र जाप किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी महाराज ने मां का गुणगान करते हुए कहा कि सनातन शास्त्रों में निहित है कि मां ममता की सागर हैं और उनकी महिमा निराली है। वह अपने भक्तों का उद्धार करती हैं और दुष्टों का संहार करती हैं। धार्मिक मत है कि शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन श्रद्धा भाव से मां चंद्रघंटा की उपासना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं यथाशीघ्र पूर्ण होती हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही बाबा साहेब को दिया सही मायनों में सम्मान : सीएम योगी

लखनऊ। हमारा देश सैदव से ही सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया की राह पर चला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर आधारित सबका साथ सबका विकास के भाव को जोड़ दिया है। ऐसा कोई कालखंड नहीं है जब अनुसूचित जाति ने समाज का मार्गदर्शन न किया हो। आजाद भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने एक ऐसा संविधान बनाया, जो आज 142 करोड़ लोगों को उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में जोड़ने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही सही मायने में बाबा साहब को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, चाहे मऊ हो, दिल्ली, मुंबई, इंग्लैंड का वह भवन जहां रहकर उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की या नागपुर की दीक्षा भूमि, इन सभी स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के लखनऊ में डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की जा रही है, जहां पर अनुसूचित जाति-जनजाति के नौजवानों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही उच्च अध्ययन करने की व्यवस्था का काम अंतिम दौर में है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हापुड़ के आनंद विहार में आयोजित अनुसूचित जाति/जनजाति सम्मेलन में कही।

## जब नारी में है शक्ति सारी, तो फिर क्यों कहें नारी को बेचारी





**सोनभद्र ।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का रहा सुअवसर , आयप्पा इण्टर कालेज में सोनभद्र में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम जिसमें आयप्पा इण्टर कालेज के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग । कार्यक्रम का आयोजन महिला कल्याण विभाग और पुलिस महकमे के संयुक्त तत्वाधान में संचालित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रही क्षेत्राधिकारी डॉक्टर चारू द्विवेदी की। इन्होंने उद्बोधन में बालिका सशक्तिकरण एवं स्वालम्बन विषय पर विशद व्याख्यान देते कहा कि बालिकायें सभी क्षेत्रों में अपने कैरियर के लिए प्रयास कर सकती हैं एवं सफल हो सकती हैं।इनके अनवरत बढ़ रहे हैं प्रगति के आयाम और सभी विधाओं कार्यों को संचालित एवं निष्पादित करने में सुरभिक्षम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह द्वारा लघु फ़िल्म दिखा कर सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर, गुड टच बैड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला समन्वक सीमा द्विवेदी ने सरकार की संचालित योजना के बारे में वक्तव्य दिए तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कॉविड-19 के बारे में बताया। केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह द्वारा महिला उत्पीड़न घरेलू हिंसा, महिला शोषण, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के बारे परिज्ञान विश्लेषित किये। जिला समन्वयक साधना मिश्रा ने संचालन किया कार्यक्रम का। इस अवसर पर थाना प्रभारी ओबरा अविनाश सिंह, चौकी इंचार्ज ओबरा जितेन सिंह, महिला आरक्षी सहित अन्य शिक्षक - शिक्षिकाये समुउपस्थित रहीं।

## सोनभद्र में 'एम्स' एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हो

सोनभद्र । पृथक पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की अधिवक्ता भवन तहसील परिसर, राबर्ट्सगंज में डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन सोनभद्र के महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में की गई।

राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एड0 ने कहा कि सोनभद्र का तीन दशक बाद भी अपेक्षित विकास नहीं हो सका। मोर्चा ने मांग किया कि यहां एम्स जैसे एक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान बनने की महति आवश्यकता है साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय बने प्रतिस्थापित हो , यह बेहत जरूरी है। सभा मेउत्तरप्रदेश के सोनभद्र को स्पर्श करते चार प्रान्तों के लोगों के लिए इसकी आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। जनपद के सोनभद्र रेलवे



स्टेशन से मुंबई, कोलकाता, गुजरात व अन्य बड़े शहरों के लिए सीधे ट्रेनों का संचालन करने की माँग भी पुरजोर स्वरों में मुखरित करत्ते कहा कि सरकार का जनसरोकारी सोच के अनुरूप जनपद काइससे चंहुमुखी विकास होगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने कहा कि सोनभद्र उत्तर प्रदेश मे क्षेत्रफल के हिसाब से बड़ा जिला है । यह भारत का एकमात्र जिला है जो चार राज्यों की सीमा में है अर्थात् पश्चिम में मध्य प्रदेश , दक्षिण में छत्तीसगढ़ , दक्षिण-पूर्व में झारखंड और उत्तर-पूर्व में बिहार ।

सोनभद्र जिला एक औद्योगिक क्षेत्र है और इसमें बहुत सारे बॉक्साइट, चूना पत्थर, कोयला, सोना सम्पदा मौजूद हैं। इसे भारत की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है क्योंकि यहां बहुत सारे बिजली संयंत्र हैं और कैमूर वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, सलखन जीवाश्म पार्क, विजयगढ़ किला, अगोरी फोर्ट , मुक्खा वॉटरफाल जैसे स्थलों के साथ रॉक पेंटिंग जल्द ही पर्यटन मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है किंतु यहां न विश्वविद्यालय है और न एम्स है नतीजतन आधारभूत सुविधाएं नदारद कही जांय तो कोई अत्युक्ति नहीं।

इस अवसर पर काकु सिंह, अनिल कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट , लक्ष्मी कांत शुक्ला, अशोक कुमार कनौजिया एडवोकेट, संतोष चतुर्वेदी, पवन कुमार द्विवेदी एडवोकेट, राजकुमार सिंह, नवीन कुमार पांडे, नेतराज पटेल, दीप नारायण पटेल अशोक सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद दिवस दुनिया भर के 100 देशों में मनाया जाएगा

नयी दिल्ली। धनवंतीनगर जयंती के अवसर पर आयुर्वेद दिवस इस वर्ष दुनिया भर के लगभग 100 देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा।

आयुष मंत्रालय ने 11 नवंबर को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले आयुर्वेद दिवस के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को विभिन्न मंत्रालयों की एक बैठक बुलाई।

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयुर्वेद दिवस सभी मंत्रालयों के परस्पर सहयोग और सहायता से एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। कोटेचा ने कहा कि एक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद की मुख्य धारा पर आयुर्वेद दिवस एक वैश्विक कार्यक्रम होगा। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि अधिकारियों ने आयुर्वेद दिवस को सफल बनाने के लिए आयुष मंत्रालय के साथ अपने विचार साझा किए। मुख्य रूप से गृह, संस्कृति, विदेश, जनजातीय, जल संसाधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सीएसआईआर आदि मंत्रालयों और विभागों ने अपने विचार साझा किए और कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करके और विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों को संगठित कर आयुर्वेद दिवसको एक वैश्विक उत्सव बनाया जाना चाहिए।

## राष्ट्रपति बुधवार को तीन दिन के बिहार दौरे पर होंगी रवाना

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को बिहार की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगी।

राष्ट्रपति पटना पहुंचने पर बुधवार को ही बिहार में चौथे कृषि रोड मैप (2023-2028) की शुरुआत करेंगी। गुरुवार को वह मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उसी दिन वह राजभवन में बिहार के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी ) के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। शाम को राष्ट्रपति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी।

शुक्रवार को राष्ट्रपति दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए गया जायेंगी।

## महिलाओं के आत्मसम्मान का रखा जाय ध्यान : जिला प्रोवेशन अधिकारी

सोनभद्र ।जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति चतुर्थ सोपान के अन्तर्गत स्थानीय परिवाद समिति की अध्यक्ष कीर्ति मंडेलिया की अध्यक्षता में प्रायोजित रही।

वन स्टाप सेन्टर लोढ़ी में सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि समस्त विभागों में आंतरिक परिवार समिति का गठन किया गया है जिसमें यदि किसी महिला कार्मिक द्वारा शिकायत की जाती है और वह आंतरिक परिवाद समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं होती है



तो वह अपना प्रकरण स्थानीय परिवार समिति जो जनपद स्तर पर गठित है, उसमें रख सकती है। निर्धारित समय सीमा में न्याय दिए जाने को पूर्णत: आश्वस्त कराया परिवाद समिति की अध्यक्ष ने।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को इस आशय से निर्देशित करने का स्मरण कराते कहा गया सभा में कि मिशन शक्ति फेज चतुर्थ के तहत जो नारी सुरक्षा नारी सम्मान वह नारी स्वावलंबन को केंद्र में रखकर चलाई जा रही है, इसके तहत प्रत्येक महिलाओं को सम्मान के साथ समाज में जीने का हक है तथा बराबरी का हक प्राप्त करते हुए किसी भी कार्यस्थल पर कार्य करने का अधिकार है। उनके लिए कोई भी अपमानजनक शब्द या उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्द का इस्तेमाल न किया जाय। उनके साथ कोई भेदभाव या लैंगिक उत्पीड़न की घटना प्रकाश में नहीं आनी चाहिए, इस चेतावनी को भी उध्दृत किया तथा कहा कि यदि इस प्रकार की कोई घटना संज्ञान में आती है तो उस कार्मिक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

CMYK CMYK CMYK CMYK